# हरिभूमि रायपुर भूमि





**एक्सपर्ट व्यू**

## कठिन रहा पेपर

प्रिलिम्स के दोनों पेपर मानक स्तर के रहे। पेपर-1 में कथन-कारण और तथ्यों पर आधारित प्रश्न अधिक थे। पाठ्यक्रम के समस्त पक्षों को संतुलित रूप से समाहित किया गया। विगत वर्षों की तुलना में इस बार पेपर थोड़ा कठिन रहा। पेपर-2 सीसेट मॉडरेट था। सीजी पीएससी प्रिलिम्स साल-दर-साल क्रमशः कठिन हो रही है। इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। ठोस तैयारी और रणनीति के साथ ही इसे क्लीयर किया जा सकता है।

-अंकित अग्रवाल, प्रतियोगी परीक्षा विशेषज्ञ

### 239 पदों के लिए पीएससी ने जारी किए गए हैं विज्ञापन, मुख्य परीक्षा मई में



*राजधानी में बनाए गए थे 48 केंद्र, 19 हजार 247 ने भरा था फॉर्म*

# पीएससी ने पूछा-कौन सी जाति करती है आत्मा में विश्वास, इब्न बतूता ने अरबी में क्या लिखा?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीजीपीएससी द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 के अंतर्गत पूछे गए सवालों में धर्म, साहित्य और इतिहास से जुड़े सवालों की अधिकता रही। 239 पदों के लिए सीजी पीएससी द्वारा यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। 2024 की परीक्षा में 1.58 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। इस बार ▶▶|शेष पेज 11 पर



## बगैर सहायक हल किया पर्चा

पीएससी ने दिव्यांग अभ्यर्थियों को सहायक की सुविधा प्रदान की थी। इसके लिए तय समय पर उन्हें आवेदन करना था। राजधानी रायपुर में एक ऐसा उदाहरण भी सामने आया, जिसमें दिव्यांग परीक्षार्थी ने सहायक की सुविधा नहीं ली। भाठागांव निवासी दामिनी सेन प्यारे लाल यादव हिंदू हाई स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र में पर्चा दिलाने पहुंची थी। दोनों हाथों से दिव्यांग दामिनी ने पैरों से परीक्षा दिलाई।

## ये सवाल रहे प्रश्नपत्र का हिस्सा

- इब्न बतूता द्वारा अरबी भाषा में कौन सा यात्रा वृतांत लिखा गया था?
- जब किसी धमनी में रक्त बलपूर्वक डाला जाता है, तो उसके विस्तार की तरंग कहलाती है?
- पाली भाषा का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ किसे कहा जाता है?
- कनिष्क के दरबार की किस विभूति को भारतीय आईंस्टाइन कहा गया है?
- सॉर्टर रोग किसके कारण होता है?
- तिलकमंजरी ग्रंथ के रचनाकार कौन हैं?
- ऋग्वेदिक कालीन देवताओं को तीन श्रेणी में विभाजित किया गया है। कौन से देवता पूर्णतया पृथ्वी वर्ग से संबंधित नहीं थे?
- किस भाषा को सर्वप्रथम भारत की शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता प्रदान की गई थी?
- कौन सा दर्शन नास्तिक नहीं कहा जाता है?
- संस्कृत भाषा में रचित किस ग्रंथ में बौद्ध धर्म के नियमों का वर्णन है?
- किसानों की आय दोगुनी करने संबंधित समिति के अध्यक्ष कौन थे?
- कौन से दो प्राचीन भारतीय ग्रंथों को यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में अंकित किया गया है?
- कौन सी जनजाति में आत्मा में विश्वास किया जाता है?
- घोटुल का सामूहिक मनोरंजक गीत कौन सा है?

## खबर संक्षेप

### साढ़े 14 किलो गांजा जब्त तीन तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से साढ़े 14 किलो गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने महाराष्ट्र पुणे निवासी तुषार नितिन पवार, किरन सीताराम तथा मध्यप्रदेश मुरैना निवासी दीपक तोमर को गिरफ्तार किया है। तीनों गांजा तस्करों को पुलिस ने अमलीडीह स्थित मेडिशाइन अस्पताल के पास से धर-दबोचा।

### चोरी का मोबाइल जब्त साथ में चाकू भी बरामद



**रायपुर।** उरला इलाके में चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाले बदमाश को पकड़कर पूछताछ की गई तो उससे पांच मोबाइल चोरी किए जाने के मामले का खुलासा हो गया। वाल्मीकि नगर बीएसयूपी कॉलोनी निवासी संजय चौहान उर्फ संजय कुम्हार से मोबाइल फोन के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर वह उपलब्ध नहीं करा पाया और पुलिस को गुमराह करता रहा। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा मोबाइल फोन चोरी का होना बताने के साथ-साथ बिक्री करने अपने पास रखे जाने पर प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा 314 बीएनएस के तहत भी कार्रवाई की गई। गुढ़ियारी पुलिस ने बरामद मोबाइल की कीमत एक लाख आंकी है।

### सोशल मीडिया के डॉन धरे गए, दी हिदायत

**रायपुर।** सोशल मीडिया पर चाकू के साथ अपना फोटो अपलोड कर खुद को डॉन समझने वालों की पुलिस ने क्लास लगाई। थाना उरला, खमतराई, गुढ़ियारी, खमतराई एवं पंडरी क्षेत्र में निवासरत 60 चाकूबाजों एवं आपराधिक तत्वों को थाना हाजिर किया गया। बदमाशों को प्रत्येक सप्ताह अपने संबंधित थानों में जाकर हाजिरी देने व अपराधों से दूर रहकर शांतिपूर्वक अपने परिवार के साथ जीवनयापन करने की समझाइश दी गई। बदमाशों को चेताया गया कि विभिन्न प्लेटफार्म पर गुण्डा, डॉन, माफिया, गैंगस्टर सहित अन्य कई विभिन्न नामों से अपना आईडी बनाकर हाथ में चाकू, तलवार, एयरगन, पिस्टलनुमा लाइटर गन सहित अन्य हथियारों के साथ फोटो, वीडियो व रील्स बनाकर अपने इंस्टाग्राम पर कतई अपलोड न करें, वरना सख्त कार्रवाई होगी।

### रेलवे स्टेशन के समीप गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** गांजा तस्करी करने के मामले में पुलिस ने पुणे के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। क्राइम यूनिट और गंज थाने की पुलिस ने सनी संतोष और उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर उनसे पिट्ठू बैग में रखा 8 किलो गांजा बरामद किया। गांजा की कीमत 4 लाख रुपए आंकी गई है, वहीं उनसे एक एप्पल और एक मोटोरोला कंपनी का मोबाइल भी बरामद किया गया है। जब्ती पश्चात आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए वयस्क आरोपी को न्यायालय में पेशकर जेल भेजा गया है।

### कारोबारी के बड़े बेटे और बहू को पुणे जाना था, इसलिए दोनों रायपुर में ही रुक गए


# हार्ट का ऑपरेशन कराकर वापस लौट रहे थे, रास्ते में धान से लदा ट्रक कार पर पलटा, पति-पत्नी समेत तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा थाना क्षेत्र में रविवार रात 8 से 8.30 बजे के बीच एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार दंपति समेत तीन की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल दो की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई है। डीपीएस स्कूल के सामने धान से लदे ट्रक का पट्टा टूटने से वाहन पलट गया और करीब से गुजर रही कार ट्रक के नीचे दब गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर मृतक तथा घायलों को कार से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल ले गए।

- तिल्दा के रहने वाले शर्मा दंपति, बायपास सर्जरी के बाद वापस लौटते हुआ हादसा

विधानसभा क्षेत्र के सीएसपी वीरेंद्र चतुर्वेदी के मुताबिक, एक्सीडेंट में तिल्दा निवासी राजकुमार शर्मा उनकी पत्नी पद्मा तथा कार चालक प्रवीण की मौत हुई है। राजकुमार एक निजी अस्पताल में बायपास सर्जरी कराने के बाद वापस तिल्दा लौट रहे थे, तब उनकी कार हादसे का शिकार हुई। एक्सीडेंट की ▶▶|शेष पेज 11 पर




### फ्लाइट का टिकट होने की वजह से बेटा-बहू रायपुर में रुक गए



मृतक के छोटे बेटे मनीष ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि उनके पिता की बायपास सर्जरी हुई तो पूरे समय उसका बड़ा भाई और भाभी पिताजी के साथ थे। सोमवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने की जानकारी के बाद मनीष के बड़े भाई और उसकी भाभी ने पुणे जाने सोमवार के लिए एयर टिकट बुक कराए थे। इस वजह से वे दोनों अपने पिताजी के साथ तिल्दा नहीं गए। इससे एक बड़ी अनहोनी होते होते बच गई। आरोपी ट्रक चालक को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।


### मशक्कत के बाद घायलों और मृतक को निकाल पाए

बताया जा रहा है कि ट्रक में 20 टन के करीब पांच सौ कट्टा धान लोड था। ट्रक की रफ्तार ज्यादा होने तथा ओवरलोड होने की वजह से पट्टा टूटा तो ट्रक चालक ट्रक कंट्रोल नहीं कर पाया, इसके चलते ट्रक पलट गया। कार के ऊपर ट्रक पलटने के बाद घायल तथा मृतक को निकालने पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया गया। इसके बाद ही आवाजाही सामान्य हो पाई। तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस रोड क्लीयर करा पाई।

### सोमवार को मिलने वाली थी छुट्टी

मृतक राजकुमार शर्मा पेशे से अनाज कारोबारी हैं। राजकुमार रायपुर के एक निजी अस्पताल में बायपास सर्जरी कराने के लिए आए थे। मृतक के बेटे के अनुसार उनके पिता को सोमवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने वाली थी। पूरी तरह से स्वस्थ होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने राजकुमार का डिस्चार्ज टिकट तैयार कर रविवार को अचानक छुट्टी दे दी। सोमवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने की जानकारी मिलने के बाद राजकुमार के परिवार के अन्य सदस्य सोमवार को आने वाले थे।

## नांदगांव का पारा 35 डिग्री रायपुर भी उसके करीब, कल से थोड़ी गिरावट की उम्मीद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धीमी गति से हो रही बढ़ोतरी के साथ रविवार को राजनांदगांव के दिन की गर्मी ने 35 डिग्री को छू लिया, वहीं रायपुर का पारा उसके करीब पहुंच गया। सोमवार को गर्मी थोड़ी और बढ़ने और उसके बाद थोड़ी गिरावट होने की उम्मीद है। मौसम के लक्षण देखते हुए राज्य में माहांत तक 37-38 डिग्री सेल्सियस गर्मी पड़ने की उम्मीद है। साथ ही अगले महीने होली के दौरान में ठीकठाक गर्मी पड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। राज्य में अभी रात की ठंड बाकी है और मंगलवार से तापमान में आने वाली कमी से ठंड का प्रभाव ज्यादा महसूस होने की उम्मीद है। दिन में ठंड का प्रभाव गायब हो चुका है और गर्मी अपना असर दिखा रही है। रविवार को राजनांदगांव तापमान के मामले में आगे रहा और पारा 35 डिग्री तक पहुंच गया। इसके पीछे रायपुर ने अपनी जगह बनाई और तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा और जगदलपुर 34.6 पर अटक गया। दिन में पड़ने वाली तेज गर्मी दोपहर होने के बाद लोगों को असहज करने लगी है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अभी एक चिन्हित निम्नदाब का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

- माहांत तक राज्य में 37-38 डिग्री की पड़ेगी गर्मी

## संडे बाजार पर चला प्रहरी का डंडा, सड़क घेरकर पसरा लगाने पर सख्ती, फेरीवालों में खलबली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के मौदहापारा के संडे बाजार में रविवार को उस समय खलबली मच गई, जब टीम प्रहरी ने सड़क पर पसरा लगाकर कारोबार कर रहे फेरीवालों के खिलाफ एक्शन लिया। बार-बार समझाइश के बाद भी मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण नहीं हटाने पर नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने 10 टेबल, पलंग सहित अन्य सामान जब्त कर लिए। कार्रवाई होते ही संडे बाजार में हड़कंप मच गया, फेरीवाले आनन-फानन में अपना सामान समेटते नजर आए। वहीं आसपास के लोगों के लिए यह नजारा देखने लायक था। दरअसल राजधानी के मौदहापारा के संडे बाजार मुख्य मार्ग में प्रति रविवार सुबह से लेकर शाम तक संडे बाजार लगने से ट्रैफिक जाम में लोगों को जूझना पड़ रहा है। यही नहीं, कई बार इससे विवाद की स्थिति भी निर्मित होते देर नहीं लगती।

- मौदहापारा के संडे बाजार से 10 टेबल, पलंग जब्त
- समझाइश के बावजूद सुधर नहीं रहे दुकानदार, नियमों का पालन करने कड़ी हिदायत

दरअसल शहर के व्यस्त मार्ग में संडे बाजार लगने से लोगों को होने वाली असुविधा को देखते हुए रायपुर नगर निगम और यातायात पुलिस ने व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया, जिसमें फुटकर विक्रेताओं को सफेद मार्किंग पर ही समान रखकर बेचने ▶▶|शेष पेज 11 पर

### हिदायत देने के बाद सामान्य हुआ यातायात

अधिकारियों ने पहले फेरीवालों को सख्त हिदायत देते हुए स्पष्ट किया कि सड़क पर दुकान सजाने से यातायात जाम की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है, आम नागरिकों को इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टीम ने जनहित में मार्ग को सुगम और सुव्यवस्थित रखने अपील की। लेकिन जब कुछ लोगों ने समझाइश को नजरअंदाज किया तो कार्रवाई का डंडा चला और सामान जब्त कर लिया गया। संडे बाजार में हुई इस कार्रवाई के बाद यातायात सामान्य हो पाया।

## पेट्रोल पंप में आग पर काबू वाले का कर्मी का सम्मान

**रायपुर।** उरला के कर्मा चौक स्थित संगीता पेट्रोल पंप पर असामाजिक तत्व द्वारा लाइटर से बाइक की पेट्रोल टंकी में लगाई आग पर काबू पाने वाले कर्मचारी को पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने सम्मानित किया। इस घटना में बाइक की टंकी के साथ-साथ पेट्रोल मशीन के नोजल में भी आग लग गई, जिससे पेट्रोल पंप परिसर में अफरातफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी। आपात स्थिति में पेट्रोल पंप के कर्मचारी चूड़ामणि देवांगन एवं जितेंद्र गिरी गोस्वामी ने असाधारण सूझबूझ, साहस एवं तत्परता का परिचय दिया। उन्होंने बिना घबराए तत्काल सक्रिय होकर आग पर काबू पाने आवश्यक कदम उठाया। दोनों कर्मचारियों ने फायर इन्टिंग्यूशर की मदद से तत्काल आग बुझाई। पुलिस कमिश्नर ने दोनों कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



## नीट स्टूडेंट गले में तार बांधकर तीसरी मंजिल से कूदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र के खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। मृतक मूल रूप से सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला के मल्दा, परसकोल के रहने वाला था। बताया जा रहा है छात्र रविवार तड़के सुबह पांच-साढ़े पांच बजे के आसपास जीआई तार से फंदा बनाकर गले में बांधकर तीसरी मंजील से कूद गया। मौके पर पहुंची पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

- तनाव में था छात्र

पुलिस के अनुसार पुष्पेंद्र पटेल ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। पुष्पेंद्र भाठागांव, अवधपुरी में किराए के मकान लेकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। मृतक का पिता पेशे से कृषक है। दो भाई बहनों में पुष्पेंद्र बड़ा था। पुष्पेंद्र जिन साथियों के साथ रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने उनके दोस्तों से पूछताछ की तो, दोस्तों ने पुलिस को बताया कि पुष्पेंद्र पढ़ाई को लेकर किसी तरह से तनाव में नहीं था। घटना दिनांक की एक रात पूर्व तक पुष्पेंद्र का व्यावहार सामान्य था। वह रात को खाना खाने के बाद सोने के लिए चले गया। इसके बाद उसने सुबह फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई। दोपहर पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतक के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस को मृतक के पास से किसी तरह से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।



### अपनी बहन के साथ रहता था

पुलिस के अनुसार पुष्पेंद्र तथा उसकी छोटी बहन दोनों साथ में रहकर यहां पढ़ाई कर रहे थे। आस-पास के रहवासियों ने पुष्पेंद्र की लाश को फांसी के फंदे पर लटकते देखा तो उन लोगों ने घटना की जानकारी मकान मालिक को दी। अन्य लोगों के माध्यम से पुष्पेंद्र की बहन को अपने भाई के खुदकुशी करने की जानकारी मिली। अपने भाई के फांसी के फंदे पर लटकते देख मृतक की बहन बेसुध हो गई। बताया जा रहा है, मृतक के अन्य रिश्तेदार भी रायपुर में रहते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही रिश्तेदार जहां भाई बहन किराए पर रहते हैं, वहां पहुंच गए।

### वार्ड पार्षदों ने शासन को भेजे थे प्रस्ताव, राशि स्वीकृत

# 23 वार्डों में पेयजल के लिए बिछेगी पाइपलाइन, डगनिया ईदगाहभाठा और डीडीनगर पानी टंकी में लगेंगे वॉल्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के 23 वार्डों में पीने का साफ लोगों तक पहुंचाने पाइपलाइन का विस्तार किया जाएगा। साथ ही छूटे हुए रिहाइशी इलाकों में पेयजल की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत दिलाने नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। वहीं शहर के डगनिया, लाखेनगर के ईदगाहभाठा और डीडीनगर पानी टंकी में नया वॉल्व लगाकर स्क्रावर लाइन से टंकी को जोड़ा जाएगा। वार्ड पार्षदों द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के आधार पर नगरीय प्रशासन विभाग ने इन कार्यों के लिए आवश्यक राशि की मंजूरी दी है।

- गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने जुटी परिषद



### शहर की तीन पानी टंकियों में होगा वॉल्व का काम

रायपुर नगर निगम की 45 पानी टंकियों में से केवल 10 पानी टंकियां शहर में ऐसी है, जिसमें डबल वॉल्व का सिस्टम है, बाकी की 35 पानी टंकियों में सिंगल वॉल्व होने से वॉल्व स्लीप के कारण पूरी टंकी के शुद्ध पीने के पानी को खाली कराकर वॉल्व मरम्मत ▶▶|शेष पेज 11 पर

### इन वार्डों में पाइप लाइन का होगा काम

- बाल गंगाधर तिलक वार्ड 10 लाख 81 हजार
- वीरांगना अवंति बाई वार्ड की इंदिरा नगर बस्ती में 6 लाख 10 हजार
- श्रीराम नगर बस्ती में 5 लाख 20 हजार
- जागृति नगर बस्ती 5 लाख 35 हजार
- दानवीर भामाशाह वार्ड में 5 लाख 99 हजार रुपए
- शहीद हेमू कालाणी वार्ड 3 लाख 29 हजार
- शंकर नगर वार्ड में पाइपलाइन शिफ्टिंग पर 5 लाख 93 हजार
- वामनराव लाखे वार्ड में पाइपलाइन मरम्मत पर 3 लाख 17 हजार रुपए
- भक्त कर्मा माता वार्ड में पाइपलाइन बिछाने 33 लाख 89 हजार
- मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड में जीआई पाइपलाइन परिवर्तित करने 6 लाख
- चंद्रशेखर आजाद वार्ड में 10 लाख 73 हजार
- डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के भाठागांव अवधपुरी में पाइप लाइन पर 10 लाख 84 हजार रुपए
- महामाया मंदिर वार्ड में 4 लाख 99 हजार
- ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड के डूमरतालाब में 8 लाख 60 हजार
- वीर सावरकर नगर वार्ड में 16 लाख में पाइप लाइन ▶▶|शेष पेज 11 पर

# सीएनजी ने पकड़ी थोड़ी रफ्तार, जहां पंप अधिक, वहां बिक रहे ज्यादा वाहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में अब तेजी से सीएनजी पंपों का नेटवर्क बढ़ रहा है। भिलाई-दुर्ग में आधा दर्जन से ज्यादा पंप खुल गए हैं। राजधानी रायपुर में भी चार पंप हो गए हैं। लगातार प्रदेश में पंप बढ़ रहे हैं। इसी के साथ प्रदेश में सीएनजी वाहनों की बिक्री ने थोड़ी रफ्तार पकड़ी है। भिलाई, बिलासपुर, कोरबा में ज्यादा पंप होने के कारण इन स्थानों पर ज्यादा वाहन बिक रहे हैं। प्रदेश में इस समय कारें और आटो मिलाकर सौ से ज्यादा वाहन सीएनजी के बिक रहे हैं। राजधानी रायपुर में महज चार पंप होने के कारण यहां पर हर माह कारें और ऑटो भी बिक रहे हैं। मारुति के हर मॉडल में सीएनजी है। रायपुर में हर माह यहां पर एक दर्जन कारें बिक रही हैं। मारूति शो रूम के अनिल अग्रवाल का कहना है कि पंप बढ़ने पर कारों की बिक्री की रफ्तार में इजाफा होगा। राजधानी रायपुर में पहले ऑटो ज्यादा बिक रहे थे, लेकिन अब ई-रिक्शा के कारण इसकी प्रभावित हो रही रही है। रायपुर में टीवीएस कंपनी के डीलर विकास मथानी के मुताबिक उनके यहां हर माह पहले 10 से 12 ऑटो बिक रहे थे। लेकिन अभी इसकी संख्या कम हो गई हैं। पहले ई-रिक्शा माह में दस बिकते थे जो अब 30 हो गए हैं। रायपुर के साथ ही भिलाई, बिलासपुर, कोरबा में भी सीएनजी के ऑटो लगातार बिक रहे हैं।

### रायपुर में खुलेंगे और पंप

सीएनजी वाहनों के लिए रायपुर में पहला पंप लोधी पारा में खुला था। इसके बाद आमानाका में भी एक पंप खुला था, लेकिन अब यह बंद हो गया है। एक पंप रिंग रोड एक, एक पंप जेल रोड और एक तेलीबांधा में हैं। इसके अलावा भनपुरी में भी एक पंप खोलने की पूरी तैयारी है। इसी के साथ शहर के और कई स्थानों पर पंप खोलने की योजना है। पहले पंप के संचालक नीरज शर्मा ने बताया, हमने एचपी का पंप खोला है। हमारे यहां रोज सौ वाहनों आते हैं सीएनजी भरवाने के लिए। रायपुर में लगातार सीएनजी की कारें और ऑटो बढ़ रहे हैं। रायपुर में दूसरे राज्यों से यहां तबादला होकर आने वालों के पास सीएनजी वाहन हैं। इसी के साथ दूसरे राज्यों से यहां आने वालों को भी सीएनजी गैस की जरूरत पड़ती है।

### राजधानी में अब चार पंप, रायपुर में कारों से ज्यादा बिक रहे आटो



फाइल फोटो

### बिक रही 60 से 70 कारें

मारुति कंपनी में हर मॉडल में सीएनजी मॉडल है। रायपुर में कंपनी के डीलरों के मुताबिक यहां पर प्रारंभ में ज्यादा वाहन बिके, लेकिन अब एक माह में एक दर्जन कारें ही बिक रही है। इसके पीछे का कारण यह है कि यहां पर पंप कम है। भिलाई में आधा दर्जन से ज्यादा पंप होने के कारण वहां पर ज्यादा वाहन बिक रहे हैं। इसी के साथ बिलासपुर और कोरबा में ज्यादा पंप होने के कारण वहां पर भी वाहनों के बिकने का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। हर माह प्रदेश में 60 से 70 कारें बिक रही हैं। मारुति के अलावा टाटा की भी कारें बिक रही हैं।

## खबर संक्षेप

### बजट सत्र में लखमा को सम्मिलित होने देने का निर्णय स्वागतोग्य

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से प्रारंभ होकर 20 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, इस महत्वपूर्ण बजट सत्र में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को शामिल होने देने को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा लिया गया निर्णय लोकतांत्रिक मूल्यों की दृष्टि से स्वागतयोग्य है। शराब घोटाला प्रकरण में आरोपित कांग्रेस के पूर्व मंत्री एवं छह बार के विधायक श्री लखमा द्वारा सर्वोच्च न्यायालय से जमानत प्राप्त करने के उपरांत व्यक्तिगत रूप से लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बजट सत्र में सम्मिलित होने की अनुमति चाही गई थी। श्री नायक ने कहा, यह निर्णय लोकतंत्र की गरिमा, विधायिका की सर्वोच्चता एवं जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का सम्मान करने वाला है। भारतीय संविधान तथा विधानसभा की कार्यवाही एवं प्रक्रिया संबंधी नियमों के अनुसार, जब तक किसी जनप्रतिनिधि के विरुद्ध आरोप सिद्ध नहीं हो जाते, तब तक वह अपने संवैधानिक कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करने के लिए अधिकृत रहता है। वर्तमान में संबंधित मामला न्यायालय में लंबित है और आरोप अभी सिद्ध नहीं हुए हैं।

### आज कांग्रेस विधायक दल की बैठक में बनेगी सरकार को घेरने की रणनीति

# भाजपा विधायक दल की बैठक में विपक्ष को करारा जवाब देने बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

विधानसभा के बजट सत्र को लेकर सत्ताधारी भाजपा विधायक दल की बैठक सत्र के एक दिन पहले रविवार रात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास नवा रायपुर में हुई। बैठक में सरकार के सभी मंत्री और ज्यादातर विधायक शामिल हुए। साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव भी शामिल हुए। बैठक में विपक्ष के हर सवाल का करारा जवाब देने की रणनीति बनाई गई। किस मुद्दे पर कौन से मंत्री और विधायकों को जवाब देना है, यह तय किया गया। इधर विपक्षी कांग्रेस विधायक दल की बैठक सत्र के पहले ही दिन सोमवार शाम 4 बजे राजीव भवन में रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत करेंगे। बैठक में सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने और कई मुद्दों पर स्थगन प्रस्ताव लाने की रणनीति बनाई जाएगी।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से प्रारंभ हो रहा है। इस सत्र में बजट पेश किया जाएगा और इस पर चर्चा भी होगी। सत्र में विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए मुख्यमंत्री निवास में बैठक की गई। बैठक में डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लखन देवांगन, केदार कश्यप, रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, गुरु खुशवंत साहेब, गजेंद्र यादव, राजेश अग्रवाल, टंकराम वर्मा, दयालदास बघेल सहित सभी विधायक बैठक में शामिल हुए। बैठक में मंथन किया गया कि विपक्ष किन-किन मुद्दों पर सत्ता को घेरने वाला है। सरकार के पास जो जानकारी है, उसके मुताबिक विपक्ष सरकार पर सबसे बड़ा हमला धान खरीदी को लेकर करने वाला है। इस मामले में विपक्ष स्थगन प्रस्ताव भी ला सकता है। इस मुद्दे पर सरकार की तरफ से कौन-कौन जवाब देंगे, इसको लेकर जिम्मेदारी तय की गई। इसी के साथ कानून व्यवस्था को लेकर भी विपक्ष सरकार को घेरने वाला है। इस मुद्दे पर गृहमंत्री के साथ ही कौन-कौन से विधायक जवाब देंगे, इसका फैसला किया गया। इसी तरह से अन्य मुद्दों पर भी रणनीति बनाई गई कि कौन-कौन कब बोलेंगे।



### विपक्ष कई मुद्दों पर घेरेगा

सोमवार को सत्र के बाद राजीव भवन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक होगी। इसमें सरकार को घेरने वाले मुद्दों पर रणनीति बनेगी। कांग्रेस खासकर सरकार को धान खरीदी, कानून व्यवस्था, बिजली बिल हॉफ योजना का दायरा कम करने के साथ ही इस साल भी बिजली की कीमत बढ़ाने, एसआईआर में मतदाताओं के बड़ी संख्या में नाम काटने, जशपुर में आदिवासी की मौत, नई आबकारी नीति, महात्मा गांधी के शहीदी दिवस और होली पर शराब बिक्री सहित कई मुद्दों पर घेरने की रणनीति बनाएगी। बैठक में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज और जेल से छूट विधायक कवासी लखमा के साथ ही कांग्रेस के सभी विधायक शामिल होंगे।

## असम विधानसभा चुनाव : प्रियंका के साथ वन-टू-वन बैठक

**रायपुर।** असम में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर स्क्रीनिंग कमेटी की चेयरमैन प्रियंका गांधी से असम के स्पेशल ऑब्जर्वर एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने नई दिल्ली स्थित 10 जनपथ में चर्चा की। बैठक में असम की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति, संगठनात्मक मजबूती तथा जमीनी मुद्दों पर गहन मंथन किया गया। उन्होंने असम के विभिन्न जिलों से प्राप्त फीडबैक कार्यकर्ताओं की भावनाओं एवं जनता के प्रमुख मुद्दों की विस्तृत जानकारी स्क्रीनिंग कमेटी को दी।



▪ चुनाव को लेकर कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की चेयरमैन प्रियंका गांधी ने की विस्तृत समीक्षा

उन्होंने बताया कि असम की जनता महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था और किसानों की समस्याओं से त्रस्त है। प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की नीतियों से आम जनमानस निराश है और परिवर्तन की स्पष्ट लहर दिखाई दे रही है। प्रियंका गांधी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने समर्पित और संघर्षशील कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने तथा जनता के मुद्दों को केंद्र में रखकर चुनाव लड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों पर मजबूती से चुनाव मैदान में उतरेगी और असम में जनभावनाओं के अनुरूप विकल्प प्रस्तुत करेगी। विकास उपाध्याय ने विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस पार्टी एकजुटता मजबूत संगठन और जनआधारित रणनीति के साथ असम विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी।



## सीएम साय ने सीजेआई न्यायमूर्ति सूर्यकांत का किया स्वागत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के छत्तीसगढ़ आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने मुख्य न्यायाधीश को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक स्वरूप राजकीय गमछा, विश्वविख्यात बस्तर दशहरा पर आधारित कॉफी टेबल बुक तथा बेल मेटल से निर्मित भगवान श्रीराम एवं माता शबरी की आकर्षक प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी. नरसिम्हा एवं न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा तथा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचे हैं।

## प्रेस क्लब सदस्यों ने ट्रैफिक पुलिस के समक्ष लिया सड़क सुरक्षा का संकल्प



**रायपुर।** प्रेस क्लब द्वारा आयोजित स्व. कुलदीप निगम स्मृति इंटरप्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट खेलने वाली टीमों के कप्तानों का रविवार को प्रेस क्लब में स्नेहिल मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस, पत्रकार सहयोग के माध्यम से यातायात सुरक्षा और सड़क जागरूकता के विशेष अभियान को आगे बढ़ाने का प्रेस क्लब के सदस्यों ने संकल्प लिया।

वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप निगम का निधन सड़क दुर्घटना में हुआ था। उनकी स्मृति में आयोजित इस पहल के माध्यम से संदेश दिया गया कि हेलमेट पहनना जीवन रक्षा का सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। प्रेस क्लब ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एडीसीपी ट्रैफिक विवेक शुक्ल, एसीपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर, गुरजीत सिंह उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि मीडिया समाज का मार्गदर्शक होता है, ऐसे में पत्रकारों द्वारा सड़क सुरक्षा का संदेश देना अत्यंत प्रभावी साबित होगा। उन्होंने हेलमेट की अनिवार्यता और यातायात नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा भारतीय, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, संयुक्त सचिव निवेदिता साहू एवं भूपेश जांगड़े सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## सीएम साय ने सुनी मोदी के मन की बात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीएम हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 131वीं कड़ी का प्रसारण देखा और सुना। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, कैबिनेट मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, राजेश अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने राजधानी रायपुर स्थित एमएमआई नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में प्रधानमंत्री कार्यक्रम देखा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, प्रदेश मंत्री अमित साहू, विधायक सुनील सोनी, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, रायपुर भाजपा प्रभारी राजेंद्र शर्मा, शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, ललित जयसिंघानी सहित पदाधिकारी, डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नवा रायपुर, अटलनगर शासकीय निवास कार्यालय में मन की बात सुनी। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने पश्चिम बंगाल के बर्धमान स्थित जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को देखा।



## भाजपा महिला मोर्चा ने किया धरना-प्रदर्शन

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा रायपुर शहर जिला मोर्चा की अध्यक्ष कृतिका जैन के नेतृत्व में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में युवा कांग्रेस द्वारा किए गए कृत्य के विरोध में शंकरनगर चौक बीटीआई मैदान के पास में धरना-प्रदर्शन किया गया। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के आव्हान पर महिला मोर्चा की लगभग 350 कार्यकर्ता पहुंचीं। भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी ने कांग्रेस पार्टी एवं राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

▪ कांग्रेस द्वारा किया गया नग्न प्रदर्शन अत्यंत शर्मनाक - विभा अवस्थी

विभा अवस्थी ने कहा, एआई समिट जैसा वैश्विक आयोजन जहां दुनियाभर के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत के नेतृत्व क्षमता को देख कर साक्षी बनने आए हुए थे, वहां कांग्रेस द्वारा किया गया नग्न प्रदर्शन अत्यंत शर्मनाक और राष्ट्रविरोधी है। राहुल गांधी के निर्देश पर कांग्रेस द्वारा किया गया यह नग्न प्रदर्शन न केवल अमर्यादित है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारत की छवि को धूमिल करने की एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। इस दौरान विधायक पुरंदर मिश्रा, भाजपा शहर जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, अपेक्स बैंक अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता ने भी संबोधित किया।





**खबर संक्षेप**

## सायकिल रेस में मोहदा के योगेंद्र प्रथम स्थान पर



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम मोहदा निवासी योगेंद कुमार साहू ने साइकिलिंग रोड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह आयोजन पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर परिक्षेत्र के अंतर्गत शारीरिक शिक्षा विभाग पं. र.वि.वि. के तत्वाधान में श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय, गोबरा-नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा अंतर महाविद्यालयीन साइकिलिंग रोड पुरुष व महिला प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20 फरवरी को किया गया। जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान योगेंद्र कुमार साहू, द्वितीय स्थान कीमेश चौधरी, तृतीय स्थान चंदन साहू, एवं महिला वर्ग में प्रथम स्थान गोमती साहू, द्वितीय स्थान कांति साहू, तृतीय स्थान तृप्ति साहू रहे।

## कंन्हेरा प्रतियोगिता में 60 खिलाड़ी ने दिखाया दम

**अभनपुर।** ग्राम कन्हेरा में हर्षोल्लास के साथ क्रिकेट तिहार–2 का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच भानु प्रताप साहू, उपसरपंच हीरामन निषाद तथा रिखी राम, संतोष डोमार निषाद सहित ग्राम के जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर पूरे गांव के लगभग 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनकी आयु 15 वर्ष से लेकर 50 वर्ष तक है। खास बात यह रही कि सरपंच, उपसरपंच और पंच स्वयं मैदान में उतरकर खेलते हुए नजर आए, जिससे युवाओं में उत्साह और भी बढ़ गया। आयोजकों ने बताया कि क्रिकेट तिहार–2 का उद्देश्य गांव में खेल भावना को बढ़ावा देना, आपसी भाईचारा मजबूत करना और युवाओं को नशामुक्त एवं सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना है। उद्घाटन मैच के साथ ही प्रतियोगिता की शुरुआत हुई, जिसे देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाजयुमो की कमान युवाओं को सौंपी गई

**कूंरा।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए युवा नेतृत्व को नई जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी हाईकमान के निर्देश पर प्रमोद निषाद को भाजपा युवा मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन के लिए सकारात्मक और दूरदर्शी निर्णय बताया है। प्रमोद निषाद लंबे समय से पार्टी की विचारधारा के प्रति समर्पित रहे हैं और विभिन्न सामाजिक व संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं। युवाओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएगा। वहीं विकास वर्मा और नवीन वर्मा को युवा मोर्चा का महामंत्री नियुक्त किया गया है। दोनों नेताओं को संगठनात्मक अनुभव के साथ-साथ कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए जाना जाता है। पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि उनकी सक्रियता और समन्वय क्षमता से युवा मोर्चा की गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

**:: उद्घोषणा ::**
क्रमांक 1399/आर.सी./रा.वि.प्रा./2026
रायपुर दिनांक 13.02.2026

प्राधिकरण की कटोरातालाब सेक्टर 01 योजनान्तर्गत **श्री एम.एस. कुरैशी पिता स्व. शेख मोहम्मद को भूखण्ड क्रमांक डी-257/1 रकबा 2050 वर्गफुट** 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती स्व. एम.एस. कुरैशी का मृत्य हो जाने के कारण उनके वारिसान **पत्नि (स्व. श्रीमती नजमा कुरैशी की मृत्यु दिनांक 23.09.2020) पुत्रगण 1.श्री मोहम्मद शाहिद कुरैशी 2.श्री मोहम्मद शारीक कुरैशी 3.श्री मोहम्मद शबाब कुरैशी पिसरान स्व. एम.एस. कुरैशी निवासी- डी-257/1, एम.आर. कॉलोनी, टैगोर नगर, कटोरातालाब, रायपुर (छ.ग.)** द्वारा संयुक्त उत्तराधिकारी नामांतरण बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त उत्तराधिकारी नामांतरण अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनो के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित हो कर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्राप्त नही होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

जारी दिनांक 13.02.2026

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण,**
**रायपुर (छ.ग.)**

### मिशन के 100 से अधिक सेवादारों ने श्रमदान किया, कार्यक्रम में पार्षद भी हुए शामिल

# जल संरक्षण के लिए निरंकारी मिशन के सेवादारों ने की तालाब की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

संत निरंकारी मिशन ने रविवार को 'प्रोजेक्ट अमृत' अभियान के चौथे चरण के तहत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को साफ पानी और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

इस अवसर पर, तिल्दा-नेवरा,संत निरंकारी मिशन शाखा के सेवादल सदस्यों और संतों ने वार्ड क्रमांक 2 स्थित पैठू तालाब व आसपास पड़े कचरे की सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। प्रोजेक्ट अमृत' अभियान क शुभारंभ प्रातः 8 बजे सतगुरु की प्रार्थना कर गुरु के संदेश के साथ किया गया ।इस मौके पर मिशन से जुड़े सेवादारों ने पूरे उत्साह के साथ तालाब परिसर आसपास की सड़कों तथा किनारों पर जमी गंदगी को हटाकर साफ कर स्वच्छ बनाया गया। सेवा कार्य में संत निरंकारी मिशन के 100 से अधिक सेवादारों ने श्रमदान किया और स्वच्छता के प्रति जनजागरण का संदेश दिया। मानव सेवा और लोक कल्याण की इसी दिव्य चेतना को साकार रूप प्रदान करने हेतु संत निरंकारी मिशन द्वारा 'प्रोजेक्ट अमृत प्रारभ किया गया है।



### पर्यावरण की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी

इस मौके पर पार्षद द्वय ईश्वरयद्ु ,राजेश कोटवानी के साथ वार्ड वासियों ने भी सेवा कार्य में हिस्सा लेकर सहयोग किया और संत निरंकारी मिशन के इस प्रयास की सराहना की।सुबह 8 शुरू हुआ अभियान 11 तक चलता रहा. सेवादल संचालक महात्मा मुखी सुन्दरदास जेसवानी ने कहा कि यह पहल समाज को जल संरक्षण और स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है और सतत प्रयासों से आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित किया जा सकता है। सेवादार महक जेठवानी ने कहा कि स्वच्छ जल स्वच्छ मन 'अभियान 'प्रोजेक्ट अमृत' अभियान निरकारी मिशन द्वारा चलाया जा रहा है.अमन, जब सेवा साधना बन जाए और प्रकृति के प्रति संवेदना जीवन का मूल मंत्र हो, तब पावन संकल्प जन्म लेते हैं।

### संत निरंकारी मिशन की सेवा सराहनीय : कोटवानी

सेवादार राजकुमार ने कहा संत निरंकारी मिशन की यह परियोजना जल संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में एक प्रेरक कदम है,परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार समस्त भारत में भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। पार्षद ईश्वरयद्ु ,राजेश कोटवानी कहा संत निरंकारी मिशनकी सेवा सराहनीय है ,इनके साथ आज हमे भी सेवा का मौका मिला ,सच में अगर हर व्यक्ति 'स्वच्छ जल,के लिए स्वच्छ मन से सेवा करे तो ,हमारे पूजे जाने वाले जल स्रोत और उनका संरक्षण आसानी से किया जा सकता है, स्वच्छता ,पानी और स्वस्थ वातावरणके हम सबको जागरूक होने की जरूरत है . मुखी सुन्ददास .सेवादल,में राजकुमार गेलानी,सुरेश राजपाल,भारत आडवाणी, सोनू अरोड़ा, श्याम माधवानी,सौरभ अरोरा,संजय बजाज ,अजय वरलयानी, नीरज जैसवानी, खुमान वर्मा सरोज जैसवानी, सरोज सिमरन अरोड़ा, पूनम बजाज ममता अरोड़ा कविता निहिचलनी, कुसुम वाधवानी,की प्रमुख भागीदारी रही।

## शिवाजी महाराज की जयंती पर कुर्मी समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



कुर्मी क्षत्रिय समाज उपक्षेत्र–पलौद के तत्वावधान में 21 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर भव्य समारोह आयोजित किया एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में समाजजनों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। पूरे ग्राम में जयघोष और उत्साह का वातावरण बना रहा। समारोह में छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चन्द्रहास चन्द्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बन्द्रनाहु कुर्मी समाज–रायपुर राज के अध्यक्ष केशव नायकराम चन्द्राकर ने की। आरंग जनपद अध्यक्ष, जनपद उपाध्यक्ष, केन्द्रीय प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। चन्द्राकर भवन में आयोजित मुख्य समारोह में वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को शिक्षा, संगठन और संस्कारों के माध्यम से आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन त्याग, पराक्रम और सुशासन की प्रेरणा देता है, जिसे अपनाकर समाज नई ऊँचाइयों तक पहुँच सकता है। संध्या समय आयोजित पारंपरिक सुआ नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। विशेष रूप से मातृशक्ति और युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी आयोजन की विशेषता रही। कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों में जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, उपाध्यक्ष रविन्द्र चन्द्राकर, जिपं सदस्य वतन चन्द्राकर, लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर (केन्द्रीय प्रतिनिधि), शुभांशु साहू , संजय चन्द्राकर (अध्यक्ष, उपक्षेत्र पलौद), घनश्याम चन्द्राकर तारिणी चन्द्राकर, सविता चन्द्राकर (जिला पंचायत सदस्य), हिम्मत चन्द्राकर हेमकुमार मारकण्डे, मनहरण चन्द्राकर योगेन्द्र चन्द्राकर, शारदा देवी चन्द्राकर, रुखामणी चन्द्राकर सहित ओमप्रकाश, चन्दहास, शिवनारायण, मोहन, सुरेन्द्र, राहुल, संजय, भावेश, कामता, चन्द्रशेखर, लोकेश, राजेश्वर, अमन, लोकेश साकेत चन्द्राकर (सचिव) आदि उपस्थित रहे।

## सीएम के जन्मदिन पर सेवा और सम्मान कार्यक्रम

**कूंरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा, छत्तीसगढ़ के आह्वान पर आज प्रदेश के सभी जिलों में सेवा, समर्पण एवं सम्मान कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तर पर अस्पतालों, वृद्धाश्रमों एवं जरूरतमंद बस्तियों में फल वितरण किया गया। विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित कर कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। प्रदेश महामंत्री अशोक सिन्हा ने स्वयं रक्तदान कर सेवा और समर्पण का संदेश दिया तथा कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। साथ ही समाज के वरिष्ठजनों एवं प्रबुद्ध नागरिकों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। प्रदेश महामंत्री अशोक सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का जन्मदिवस सेवा और जनकल्याण के संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। ओबीसी मोर्चा सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्तदान महादान है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम बनता है। बुजुर्गों का सम्मान हमारी संस्कृति और संस्कारों की पहचान है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष देवदूत साहू, सोशल मीडिया प्रभारी नरेंद्र निर्मलकर, श्रवण यादव, तामेश्वर साहू एवं अखिलेश कश्यप जी सहित प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## *8 दिन हैं शेष पर गांवों में होली की रौनक फिकी*

***आरंग।** ग्रामीण अंचलों में होली को लेकर इस बार अपेक्षित उत्साह दिखाई नहीं दे रहा है। पर्व में अब महज आठ दिन शेष हैं, लेकिन चौपालों और बाजारों में वह चहल-पहल नजर नहीं आ रही, जो आमतौर पर एक माह पहले से शुरू हो जाती थी। गांवों में जहां पहले फाल्गुन लगते ही होलिका दहन की तैयारियां प्रारंभ हो जाती थीं, वहीं इस बार लकड़ी संग्रह और सामूहिक बैठकों की रफ्तार धीमी है। बुजुर्ग बताते हैं कि पहले होली गीतों की गूंज और रंग-गुलाल की चर्चा से वातावरण सराबोर रहता था। स्थानीय दुकानों पर भी अभी तक रंग, गुलाल, पिचकारी और मुखौटे सजे नहीं दिख रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि पूर्व वर्षों में इस समय तक बच्चों और युवाओं की भीड़ उमड़ने लगती थी, लेकिन इस बार खरीदारी सुस्त है।ग्रामीणों का मानना है कि बदलती जीवनशैली, बढ़ती व्यस्तता और आर्थिक दबाव का असर त्योहारों के उत्साह पर पड़ रहा है। हालांकि उम्मीद जताई जा रही है कि जैसे-जैसे पर्व नजदीक आएगा, गांवों में भी रौनक लौटेगी और रंगों का यह पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा।*

## मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन व फार्म सात के दुरुपयोग पर कांग्रेस ने ली आपत्ति

**सिलयारी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के जिला अध्यक्ष श्री कुमार शंकर मेनन एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आज जिला निर्वाचन अधिकारी, रायपुर द्वारा आयोजित राजनीतिक दलों की बैठक में भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन (ड्राफ्ट रोल) पर चर्चा करना था।

एक माह पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर एवं रायपुर ग्रामीण की ओर से राज्य निर्वाचन आयोग को लिखित शिकायत प्रेषित की गई थी, जिसमें स्पष्ट आरोप लगाया गया था कि भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा फॉर्म-7 (नाम विलोपन हेतु आवेदन) का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जा रहा है। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं के नाम बल्क में (सामूहिक रूप से) कटवाने के लिए फर्जी/गलत आधार पर फॉर्म-7 जमा किए गए हैं। शिकायत में मांग की गई थी कि जिन फॉर्म-7 के माध्यम से नाम कटवाए गए हैं, उनमें आवेदक (अन आवेदक) का नाम, पता एवं विवरण प्रदान किया जाए। किन-किन मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए आवेदन दिए गए हैं, उनकी पूरी सूची उपलब्ध कराई जाए। इस दुरुपयोग की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

पेज 9 के शेष...

### पीएससी ने पूछा...

भी आवेदन संख्या इसके समकक्ष रही। राजधानी में अभ्यर्थियों की संख्या 19,247 रही सभी 33 जिलों में इसके लिए केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में 48 केंद्रों में यह परीक्षा हुई। परीक्षा के प्रथम पाली की परीक्षा 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित हुई। प्रथम पाली में उपस्थिति का आंकड़ा 76.2 रहा। 19,247 में से 14,658 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 से 5 बजे तक आयोजित की गई। इसमें उपस्थिति प्रथम पाली से कम रही। 74.62 प्रतिशत ही परीक्षा दिलाने पहुंचे। परीक्षा के द्वितीय पाली में 14,363 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों के मुताबिक, 30 से 35 प्रतिशत सवालों का स्तर अत्यधिक कठिन रहा। शेष सवाल सरल से औसत स्तर के रहे। खाद्य श्रृंखला, जीआई टैग, ग्राम सभा, छग में बेगार प्रथा के खिलाफ बगावत, छग के शुष्क साल के वन, छग में गार्नेट खनिज किन जिलों में मिलता है, छग में बिहई क्या है, खारुन नदी से संबंधित तथ्य, सरहुल त्योहार का आयोजन जैसे छत्तीसगढ़ से जुड़े सवाल प्रश्नपत्र का हिस्सा रहे। खबर लिखे जाने तक किसी तरह के नकल प्रकरण या अव्यवस्था की शिकायत पीएससी को प्राप्त नहीं हुई थी। मुख्य परीक्षा 16 से 19 मई तक संभावित है।

### हार्ट का ऑपरेशन ...

घटना डीपीएस स्कूल के ठीक सामने हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार धान से लदे ट्रक का पट्टा अचानक ही टूट गया और ट्रक लहराते हुए कार के ऊपर पलट गया। ट्रक पलटने के कार सवार राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राजकुमार की पत्नी पद्मा एवं कार के ड्राइवर प्रवीण की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### संडे बाजार पर ...

की अनुमति मिली। साप्ताहिक बाजार सुबह 10 बजे तक ही लगाने का निर्णय महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर हुई बैठक में लिया गया। बैठक में यह भी तय हुआ कि निगम और यातायात पुलिस की टीमें रविवार को इन नियमों का पालन कराने धरातल पर स्थिति का जायजा लेंगी। इसी कड़ी में रविवार की सुबह टीम प्रहरी ने पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार के निर्देश और निगम आयुक्त विश्वदीप के मार्गादर्शन में नगर निगम जोन-2 नगर निवेश मौदहापारा थाना बल और उड़नदस्ता टीम के साथ मोर्चा संभाला।

संडे बाजार में चलाए गए इस अभियान में नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन-2 कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश आशुतोष सिंह, कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे सहित संबंधित यातायात पुलिस प्रशासन, मौदहापारा पुलिस थाना बल, निगम मुख्यालय उड़नदस्ता टीम का सहयोग रहा।

### शहर की तीन ....

कराने की नौबत आती है। इसके चलते संबंधित पानी टंकी से दूसरे दिन भी जहां जल आपूर्ति प्रभावित होती है, वहीं वॉल्व मरम्मत करने सड़क पर पानी टंकी को खाली कर बेशकीमती पानी को बहाने के अलावा कोई रास्ता नहीं रहता। इसलिए शहर की सभी पानी टंकियों में डबल वॉल्व लगाने की जरूरत है। जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, शहर की रामनगर, श्यामनगर पानी टंकी, बैरनबाजार, मोवा और मोतीबाग की नई पानी टंकी सहित कुल 10 पानी टंकियों में ही डबल वॉल्व लगाए गए हैं। पानी की बर्बादी रोकने वार्ड पार्षदों की मांग पर अब ईदगाहभाठा पानी टंकी, डगनिया पानी टंकी और डीडीनगर पानी टंकी में डबल वॉल्व सिस्टम लगाने की तैयारी है। इसके लिए नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने तीन पानी टंकियों में वॉल्व का काम करने आवश्यक राशि की स्वीकृति दी है, जिसके तहत डगनिया व ईदगाहभाठा पानी टंकी में वॉल्व के लिए 7 लाख 45 हजार और पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के डीडीनगर पानी टंकी में वॉल्व के लिए 5 लाख 40 हजार रुपए की मंजूरी मिली है।

### इन वार्डों में ...

0 पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड में 13 लाख
0 रामकृष्ण परमहंस वार्ड में 5 लाख
0 संत रविदास वार्ड के बीएसयूपी कालोनी के लिए 21 लाख में पाइपलाइन
0 महात्मा गांधी वार्ड सड्डू के लिए 6 लाख 43 हजार रुपए में पाइपलाइन
0 डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड के मोवा में 5 लाख खर्च कर पाइपलाइन
0 पं. लालबहादुर शास्त्री वार्ड के संकल्प सोसायटी फेज 2 में 5 लाख की लागत से पाइपलाइन
0 पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड में 2 लाख 40 हजार की पाइपलाइन
0 डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड के महात्मा गांधी नगर में 19 लाख से पाइपलाइन विस्तार किया जाएगा।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# किरण देव ने कहा- 250 ब्रांड्स एक मंच पर एकत्र करना ऐतिहासिक उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## कैट के नेशनल ट्रेड एक्सपो में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव हुए शामिल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, कैट के नेशनल ट्रेड एक्सपो में एक ही छत के नीचे देशभर के 250 ब्रांड्स को एक मंच पर एकत्रित करना अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। कैट की टीम को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल विजन को सशक्त रूप से आगे बढ़ाता है। स्थानीय व्यापारी न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बनता है, बल्कि अपने साथ प्रत्यक्ष रूप से 10 लोगों को तथा डीलर-डिस्ट्रीब्यूटर की श्रृंखला के माध्यम से सैकड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। आज के सोशल मीडिया युग में इस प्रकार के आयोजन प्रदेश के व्यापारियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाते हैं और आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को मजबूती प्रदान करते हैं। शंकरनगर स्थित बीटीआई मैदान में चल रहे कैट के नेशनल ट्रेड एक्सपो में रविवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के जयघोष से की। उन्होंने कहा कि मध्यभारत, छत्तीसगढ़ के साथ-साथ बस्तर से सरगुजा और पड़ोसी राज्यों तक स्थानीय व्यापारियों की पहुंच बढ़ना इस आयोजन की बड़ी सफलता है।

### डिजिटल नवाचारों का प्रभावशाली प्रदर्शन

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि कैट के नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 में तीसरे दिन तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल नवाचारों के प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ और अधिक भव्यता एवं दूरदृष्टि के साथ आगे बढ़ता नजर आया। यह आयोजन रायपुर को भविष्य के तकनीक-आधारित राष्ट्रीय व्यापारिक केंद्र के रूप में स्थापित करने का माध्यम बनेगा।




### भारतीय व्यापार को नई दिशा देने वाला सशक्त मंच

छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने जय व्यापार के उद्घोष के साथ एक्सपो की बधाई दी। उन्होंने मेले की भव्यता, आकर्षक स्टॉल्स और विविध ब्रांड्स की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन भारतीय व्यापार को नई दिशा देने वाला सशक्त मंच है। उन्होंने कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि स्वदेशी, व्यापारिक जागरण और एक ही छत के नीचे अनेक ब्रांड्स को लाने का यह प्रयास देश के व्यापारिक भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

**बजट के लिए व्यापारियों के सुझावों की प्रति सौंपी**

कैट द्वारा लगाए गए एक्सपो में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव को कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने आगामी राज्य बजट के लिए व्यापारियों के सुझावों की प्रति सौंपी। इस अवसर पर श्री देव ने कहा कि कैट द्वारा दिए गए सभी सुझावों को वे राज्य के वित्तमंत्री ओपी चौधरी तक अवश्य पहुंचाएंगे।

## खबर संक्षेप



### सीएम साय से मिले नितिन अग्रवाल

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन के अवसर पर नितिन गौरीशंकर अग्रवाल ने धरसींवा के कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के स्वस्थ एवं सफल नेतृत्व की कामना करते हुए प्रदेश के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। नितिन अग्रवाल ने कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और कार्यकर्ता आम जनता तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर दिनेश अग्रवाल सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।


## निधन

### लीलादेवी पाल



रायपुर। मठपुरैना निवासी लीला देवी पाल का 22 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 फरवरी को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे रामशरण पाल की पत्नी थीं।

### पृथ्वीराज जैन तालेड़ा



रायपुर। एमआर कॉलोनी टैगोर नगर निवासी पृथ्वीराज जैन तालेड़ा (84) का 22 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 फरवरी को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे प्रशांत, पराग के पिता और पंकज, महावीर, प्रदीप के चाचा थे।

**:: उद्घोषणा ::**

क्रमांक 1399/आर.सी./रा.वि.प्रा./2026
रायपुर दिनांक 13.02.2026

प्राधिकरण की कटोरातालाब सेक्टर 01 योजनान्तर्गत **श्री एम.एस. कुरैशी पिता स्व. शेख मोहम्मद को भूखण्ड क्रमांक डी-257/1 रकबा 2050 वर्गफुट** 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती स्व. एम.एस. कुरैशी का मृत्यु हो जाने के कारण उनके वारिसान **पत्नि (स्व. श्रीमती नजमा कुरैशी की मृत्यु दिनांक 23.09.2020) पुत्रगण 1.श्री मोहम्मद शाहिद कुरैशी 2.श्री मोहम्मद शारीक कुरैशी 3.श्री मोहम्मद शबाब कुरैशी पिसरान स्व. एम.एस. कुरैशी निवासी- डी-257/1, एम.आर. कॉलोनी, टैगोर नगर, कटोरातालाब, रायपुर (छ.ग.)** द्वारा संयुक्त उत्तराधिकारी नामांतरण बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त उत्तराधिकारी नामांतरण अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनो के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित हो कर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्राप्त नही होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

जारी दिनांक 13.02.2026

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण,**
**रायपुर (छ.ग.)**

## राज्य के शासकीय हास्पिटलों में मौजूद कुल 9610 और निजी में करीब साढ़े 23 हजार बेड

# हजार के पीछे तीन बिस्तर का मानक, अभी उपलब्ध 857 के लिए अस्पतालों में 1 बेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **आबादी लगभग तीन करोड़, नए अस्पताल खोलने और पुराने की सुविधा बढ़ाने की जरूरत**


विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुसार एक हजार की आबादी के पीछे अस्पतालों में तीन बेड की उपलब्धता होनी चाहिए। इसके विपरीत राज्य में 857 लोगों के पीछ एक बेड उपलब्ध है। आवश्यकताओं के ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं में ज्यादा विस्तार की जरूरत है। अभी राज्य की आबादी लगभग तीन करोड़ है और शासकीय में 9610 तथा निजी में साढ़े 23 हजार के आसपास बेड मौजूद है।

महामारी के दौरान जब राज्य में लोग व्यापक रूप से कोरोना से पीड़ित हुए थे, इस दौरान मौजूदा संसाधन काफी कम हो गए थे और अस्थायी रूप से अनेक स्थानों पर अस्पताल खोलने की जरूरत पड़ी थी। डब्ल्यूएचओ द्वारा तय मानकों के अनुसार एक हजार आबादी के लिए अस्पतालों में न्यूनतम तीन बेड होने चाहिए। इसके विपरीत अभी राज्य में 857 लोगों के इलाज के लिए औसतन एक बिस्तर है, यानी राज्य की कुल आबादी तीन करोड़ के लिए लगभग 35 हजार बेड की उपलब्धता है। बिस्तरों की कमी के कारण अक्सर ज्यादा दबाव वाले अस्पतालों में आने वाले मरीजों का निराश होना पड़ता है। निजी अस्पतालों का खर्च वहन करने वाले दूसरे हास्पिटल चले जाते हैं, मगर शासकीय हास्पिटलों में मरीजों को बेड शेयर करने की नौबत तक आ जाती है। आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राज्य में चिकित्सा सुविधा का विस्तार करने हेल्थ सेंटरों की संख्या बढ़ाने के साथ मौजूद पुराने संस्थानों को चिकित्सा संबंधी आवश्यकता संसाधनों से लैस करने की जरूरत है।

### 700 का सेटअप 1340 क्षमता

आंबेडकर अस्पताल की शुरुआत 700 बेड के साथ हुई थी। यहां आने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती गई और वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में बेड बढ़ते चले गए। वर्तमान में इसकी क्षमता 1340 की हो चुकी है, इसके बाद भी कुछ विभाग एक बेड में दो मरीजों को रखकर इलाज किया जाता है। अस्पताल में बेड बढ़े, मगर उसके हिसाब से संसाधन और स्टाफ की संख्या नहीं बढ़ाई गई। यहां बिस्तरों की संख्या सात सौ करने के लिए भवन बनाने की योजना तो बनाई गई है, मगर इस पर काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है।

## सुविधाओं के विस्तार की जरूरत



### नए मेडिकल कॉलेज और कई हेल्थ सेंटर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुताबिक, राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। इसके लिए पांच नए मेडिकल कॉलेज खोलने के साथ आवश्यकताओं के अनुसार जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार किया जा रहा है। पुराने अस्पतालों में भी संसाधन बढ़ाए जा रहे हैं। साथ ही मानव संसाधन की कमियों को बड़े स्तर पर भर्ती की जा रही है।

### एम्स के 900 बेड कम पड़ रहे

एम्स की शुरुआत 900 बेड की साथ हुई थी और अब तक इसकी क्षमता नहीं बढ़ाई गई है। यहां आने वाले मरीजों की संख्या प्रतिदिन दो से तीन हजार हो चुकी है। आईपीडी भी अधिक होने और संसाधन सीमित होने की वजह से उनके द्वारा मरीजों को रोजाना दूसरे अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। एम्स का विस्तार नवा रायपुर में किया जाना है, मगर इस पर काम अब तक शुरू नहीं हो सका है। यहां डेढ़ सौ बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट तैयार करने का काम भी धीमी गति से चल रहा है।

## पेज 09 के शेष ...

### पीएससी ने पूछा-कौन सी ...

भी आवेदन संख्या इसके समकक्ष रही। राजधानी में अभ्यर्थियों की संख्या 19,247 रही सभी 33 जिलों में इसके लिए केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में 48 केंद्रों में यह परीक्षा हुई। परीक्षा के प्रथम पाली की परीक्षा 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित हुई। प्रथम पाली में उपस्थिति का आंकड़ा 76.2 रहा। 19,247 में से 14,658 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 से 5 बजे तक आयोजित की गई। इसमें उपस्थिति प्रथम पाली से कम रही। 74.62 प्रतिशत ही परीक्षा दिलाने पहुंचे। परीक्षा के द्वितीय पाली में 14,363 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों के मुताबिक, 30 से 35 प्रतिशत सवालों का स्तर अत्यधिक कठिन रहा। शेष सवाल सरल से औसत स्तर के रहे। खाद्य श्रृंखला, जीआई टैग, ग्राम सभा, छग में बेगार प्रथा के खिलाफ बगावत, छग के शुष्क साल के वन, छग में गार्नेट खनिज किन जिलों में मिलता है, छग में बिहई क्या है, खारुन नदी से संबंधित तथ्य, सरहुल त्योहार का आयोजन जैसे छत्तीसगढ़ से जुड़े सवाल प्रश्नपत्र का हिस्सा रहे। खबर लिखे जाने तक किसी तरह के नकल प्रकरण या अव्यवस्था की शिकायत पीएससी को प्राप्त नहीं हुई थी। मुख्य परीक्षा 16 से 19 मई तक संभावित है।

### हार्ट का ऑपरेशन कराकर...

घटना डीपीएस स्कूल के ठीक सामने हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार धान से लदे ट्रक का पट्टा अचानक ही टूट गया और ट्रक लहराते हुए कार के ऊपर पलट गया। ट्रक पलटने के कार सवार राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राजकुमार की पत्नी पद्मा एवं कार के ड्राइवर प्रवीण की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### संडे बाजार पर चला प्रहरी...

की अनुमति मिली। साप्ताहिक बाजार सुबह 10 बजे तक ही लगाने का निर्णय महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर हुई बैठक में लिया गया। बैठक में यह भी तय हुआ कि निगम और यातायात पुलिस की टीमें रविवार को इन नियमों का पालन कराने धरातल पर स्थिति का जायजा लेंगी। इसी कड़ी में रविवार की सुबह टीम प्रहरी ने पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार के निर्देश और निगम आयुक्त विश्वदीप के मार्गादर्शन में नगर निगम जोन-2 नगर निवेश मौदहापारा थाना बल और उड़नदस्ता टीम के साथ मोर्चा संभाला। संडे बाजार में चलाए गए इस अभियान में नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन-2 कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता नगर निवेश आशुतोष सिंह, कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे सहित संबंधित यातायात पुलिस प्रशासन, मौदहापारा पुलिस थाना बल, निगम मुख्यालय उड़नदस्ता टीम का सहयोग रहा।

### शहर की तीन पानी टंकियों....

कराने की नौबत आती है। इसके चलते संबंधित पानी टंकी से दूसरे दिन भी जहां जल आपूर्ति प्रभावित होती है, वहीं वॉल्व मरम्मत करने सड़क पर पानी टंकी को खाली कर बेशकीमती पानी को बहाने के अलावा कोई रास्ता नहीं रहता। इसलिए शहर की सभी पानी टंकियों में डबल वॉल्व लगाने की जरूरत है। जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, शहर की रामनगर, श्यामनगर पानी टंकी, बैरनबाजार, मोवा और मोतीबाग की नई पानी टंकी सहित कुल 10 पानी टंकियों में ही डबल वॉल्व लगाए गए हैं। पानी की बर्बादी रोकने वार्ड पार्षदों की मांग पर अब ईदगाहभाठा पानी टंकी, डगनिया पानी टंकी और डीडीनगर पानी टंकी में डबल वॉल्व सिस्टम लगाने की तैयारी है। इसके लिए नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने तीन पानी टंकियों में वॉल्व का काम करने आवश्यक राशि की स्वीकृति दी है, जिसके तहत डगनिया व ईदगाहभाठा पानी टंकी में वॉल्व के लिए 7 लाख 45 हजार और पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के डीडीनगर पानी टंकी में वॉल्व के लिए 5 लाख 40 हजार रुपए की मंजूरी मिली है।

### इन वार्डों में पाइप लाइन ...

- पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड में 13 लाख
- रामकृष्ण परमहंस वार्ड में 5 लाख
- संत रविदास वार्ड के बीएसयूपी कालोनी के लिए 21 लाख में पाइपलाइन
- महात्मा गांधी वार्ड सड्डू के लिए 6 लाख 43 हजार रुपए में पाइपलाइन
- डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड के मोवा में 5 लाख खर्च कर पाइपलाइन
- पं. लालबहादुर शास्त्री वार्ड के संकल्प सोसायटी फेज 2 में 5 लाख की लागत से पाइपलाइन
- पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड में 2 लाख 40 हजार की पाइपलाइन
- डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड के महात्मा गांधी नगर में 19 लाख से पाइपलाइन विस्तार किया जाएगा।

## बिजनेस साइट

### स्काई ऑटोमोबाइल्स में इलेक्ट्रिक एसयूवी 'ई-विटारा' लांच



रायपुर। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने रायपुर के मैग्नेटो मॉल के पास स्थित स्काई ऑटोमोबाइल्स के नेक्सा शोरूम में 'क्लीन इंडिया, ग्रीन इंडिया' पहल की शुरुआत की। कार्यक्रम में मारुति सुजुकी के वरिष्ठ अधिकारी पार्थो बनर्जी, सुयोशी ताकेशिता एवं स्काई ऑटोमोबाइल्स के संचालक अनिल अग्रवाल और मनीष अग्रवाल उपस्थित रहे। इस दौरान कंपनी ने छत्तीसगढ़ में अपना पहला इलेक्ट्रिक वाहन ई-विटारा स्काई ऑटोमोबाइल्स में लॉन्च किया। राज्य में ऑटोमोबाइल सेक्टर 10.9% की सीएजीआर से बढ़ रहा है, जबकि मारुति सुजुकी ने 12.2% की वृद्धि के साथ 45.4% बाजार हिस्सेदारी हासिल की है। हालिया राडा ऑटो एक्सपो में कंपनी को 47.1% हिस्सेदारी मिली। नई ई-विटारा 10.99 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है। इसमें 7.4 किलोवाट एसी चार्जर, एक वर्ष की मुफ्त पब्लिक चार्जिंग, 60% तक एश्योर्ड बायबैक और 8 वर्ष तक बैटरी वारंटी दी गई है। कंपनी ने सीएनजी पोर्टफोलियो विस्तार और डीजल से दूरी बनाकर स्वच्छ, हरित गतिशीलता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### रायपुर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का मेगा रिटेल ऋण कैंप, 27 करोड़ के लोन स्वीकृत



रायपुर। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा देशभर में आयोजित मेगा रिटेल ऋण आउटरीच कार्यक्रम के तहत टाउन हॉल, रायपुर में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों को आवास, वाहन, मार्टगेज, गोल्ड, एजुकेशन, पर्सनल एवं पेंशन लोन जैसी विभिन्न रिटेल ऋण योजनाओं की जानकारी देकर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप ऋण सुविधा उपलब्ध कराना रहा। शिविर में लगभग 200 ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।


इस अवसर पर बैंक ने रायपुर के प्रमुख बिल्डर्स से होम लोन के लिए टाई-अप भी किए। मुख्य अतिथि अविनाश डेवलपर्स प्रा. लि. के वाइस प्रेसिडेंट रमेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। क्षेत्रीय प्रमुख राजकिशोर करकेट्टा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में 23 हितग्राहियों को करीब 27 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए। बैंक ने बताया कि गोल्ड लोन 20 मिनट में उपलब्ध है तथा महिलाओं के लिए आवास ऋण 7.10% वार्षिक ब्याज दर से प्रदान किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ सरकार और बैंक ऑफ इंडिया के बीच एमओयू, कर्मचारियों को 2.5 करोड़ तक बीमा कवर

BOI Relationship beyond banking

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के नियमित अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यापक आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बैंक ऑफ इंडिया के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। 'राज्य सरकार वेतन खाता योजना' के तहत कर्मचारियों को 2 करोड़ 50 लाख रुपये तक का निःशुल्क बीमा कवर मिलेगा। योजना में 11 लाख रुपये का टर्म लाइफ इंश्योरेंस, वायु दुर्घटना में 2 करोड़ रुपये तथा व्यक्तिगत दुर्घटना में 1.20 करोड़ रुपये तक का कवर शामिल है। स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 1.20 करोड़ और आंशिक विकलांगता पर 60 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। परिवार हित में दो बेटियों के विवाह हेतु 5-5 लाख रुपये और दो बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक का प्रावधान है। साथ ही एंबुलेंस, एयर एंबुलेंस, आयातित दवाइयों व प्लास्टिक सर्जरी के लिए भी विशेष आर्थिक सहायता दी जाएगी।

SMILE HEARING & REHABILITATION CENTER
SHRC
signia



कान के पीछे की मशीन
बाहर से न दिखने वाली मशीन
रिवाजेबल मशीन एवं वाटर प्रुफ मशीन एण्ड ब्लूटूथ वाली मशीन

बहरापन निःशुल्क जांच शिविर
दिनांक: 23 से 28 फरवरी 2026
समय: सुबह 10.30 बजे से शाम 7 बजे तक रविवार - सुबह 10.30 बजे से दोप. 3 बजे तक

- निःशुल्क सुनाई की जाँच
- श्रवण यंत्र पर विशेष छूट
- श्रवण यंत्र सुनाई मशीन का ट्रायल फ्री
- स्पीच थेरेपी का Assessment फ्री
- स्पीच थेरेपी

डिजिटल मशीन पर 30% से 40% तक छूट

आज ही अपना रजिस्ट्रेशन करायें
7321078792, 9452808543
अहलूवालिया हॉस्पिटल, नेमीचंद गली, प्रभात सिनेमा, रायपुर (छ.ग.)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सफाई ठेकेदारों को 2 माह से भुगतान नहीं, 10 करोड़ से अधिक का बिल अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

नगर निगम के सफाई ठेकेदारों को तीन माह से सफाई कर्मचारियों का 10 करोड़ रुपए का वेतन भुगतान नहीं हुआ है। लंबित भुगतान को लेकर सभी ठेकेदारों ने 23 फरवरी से सफाई का काम बंद करने की बात कही है। होली त्योहार के पूर्व भुगतान को लेकर सफाई ठेकेदारों ने महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप पूरे शहर में काम बंद करने की चेतावनी दी। इसी बीच नगर निगम ने एक माह के भुगतान का 4 करोड़ 90 लाख रुपए का चेक जारी कर दिया, पर यह चेक अब जोन कमिश्नरी कार्यालय में जाकर अटक गया है। ठेकेदारों का ये भी कहना है कि 1 मार्च को सफाई कर्मचारियों के वेतन का बकाया 15 करोड़ तक पहुंच जाएगा। निगम ने अभी केवल एक माह का चेक जारी किया है।

- अल्टीमेटम के बाद निगम ने एक माह का 4 करोड़ 90 लाख रुपए का चेक दिया
- 70 वार्डों में 33 ठेकेदारों ने महापौर मीनल और आयुक्त विश्वदीप को 23 फरवरी से काम बंद करने दी है चेतावनी
- भुगतान नहीं होने पर 1 मार्च को 3 माह का बकाया हो जाएगा 15 करोड़

## काम बंद करने की दी चेतावनी



### होली पूर्व 1 माह का भुगतान और देंगे

शहर की सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे, इसके लिए संबंधित ठेकेदारों का 1 माह के सफाई कार्य का बिल भुगतान करने चेक दिया गया है। होली त्योहार से पूर्व उन्हें एक और माह के लंबित बिल का भुगतान कर दिया जाएगा।
- **मीनल चौबे**, महापौर

### *70 वार्डों में प्लेसमेंट पर सफाई का ठेका 30 ठेकेदार चला रहे*

*दरअसल रायपुर नगर निगम के 10 जोन स्थित 70 वार्डों में प्लेसमेंट पर सफाई का ठेका 30 ठेकेदार चला रहे हैं। वर्तमान में करीब 3300 सफाई कर्मचारी प्लेसमेंट के तहत काम कर रहे हैं। इनमें 70 वार्डों में 38-38 के हिसाब से सफाई कर्मचारी और महापौर स्वच्छता सेल, सेंट्रल गैंग और वीआईपी गैंग मिलाकर यह संख्या 3 हजार से अधिक है। इन सभी को मिलाकर हर माह 5 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान होना चाहिए। इनमें सबसे ज्यादा 4 करोड़ 90 लाख 10 हजार रुपए की राशि वार्डों में सफाई का काम करने वाले सफाई कामगारों की होती है। इसके बाद महापौर स्वच्छता सेल का 11 लाख 29 हजार रुपए, सेंट्रल गैंग का 5 लाख 59 हजार और वीआईपी गैंग का 14 लाख 11 हजार रुपए हर माह भुगतान करना होता है।*

## खबर संक्षेप



### पेंड्रावन बचाने और नशामुक्ति के लिए चलाएंगे अभियान, लिया संकल्प

**रायपुर।** पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति का एक दिवसीय सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम बंगोली, जिला रायपुर में आयोजित हुआ। सम्मेलन में जलाशय से लाभान्वित 14 ग्रामों से समिति के सदस्य व पदाधिकारी शामिल हुए । सम्मेलन में सर्व प्रथम स्वंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ग्राम दोंदेखुर्द में शासन द्वारा खोली जा रही नवीन शराब दुकान को व्यापक आंदोलन कर बंद कराया। समिति द्वारा ग्राम दोंदेखुर्द, मटिया, लालपुर, छपोरा, दोंदेकला गांव के ग्रामीणों का संघर्षवीर के नाम पर सम्मान किया गया। समिति के अध्यक्ष अनिल नायक ने कहा कि ये संघर्ष कभी खत्म नहीं होता, बस स्वरूप बदलते हैं। समिति के संरक्षक उधोराम वर्मा ने कहा कि पेंड्रावन को बचाने के लिए किसानों ने स्वस्फूर्त दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आंदोलन किया।

### देवी भागवत कथा सुनने उमड़ी श्रृद्धालुओं की भीड़



**रायपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर नया रायपुर स्थित ग्राम निमोरा में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद देवी भागवत कथा और विशाल



चंडी यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। इसी दौरान श्रीमद देवी भागवत कथा के कथावाचक अमलीपदर वाले पं. युवराज पांडेय ने कथा में शिव और शक्ति के मिलन के संबंध में विस्तार से प्रवचन सुनाए। यह मिलन केवल विवाह नहीं, बल्कि पुरुष और प्रकृति की एकता है, जहां शिव स्थिर, निराकार ध्यान हैं और शक्ति चंचल, सृजनात्मक ऊर्जा। यह पवित्र मिलन महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है, जो संतुलन, प्रेम और अस्तित्व के पूर्ण होने का प्रतीक है। कथा के आयोजक डीसी प्रसाद साहू एवं प्रेमवती साहू, समस्त साहू परिवार और गांव वाले हैं।

## पहली बार चार दिनों तक लगातार चली जनसुनवाई

# बिजली के बढ़ेंगे दाम, 65 लाख उपभोक्ताओं में से गिनती के ही पहुंचे जनसुनवाई में विरोध करने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

प्रदेश में नए सत्र से बिजली के दाम बढ़ने तय हैं। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग में जो याचिका लगाई है, उसमें 63 सौ करोड़ का घाटा बताते हुए हर वर्ग के टैरिफ में इजाफा करने की मांग रखी है। नया टैरिफ तय करने से पहले आयोग ने जनसुनवाई की। पहली बार पॉवर कंपनी के आधा दर्जन क्षेत्रीय दफ्तरों में भी जनसुनवाई की गई। इसके बाद दो दिनों तक आयोग के दफ्तर में जनसुनवाई की गई। जहां क्षेत्रीय दफ्तरों में सिर्फ दो दर्जन उपभोक्ता ही दाम बढ़ाने का विरोध करने पहुंचे, वहीं आयोग के दफ्तर में दो दिनों तक चली सुनवाई में भी गिनती के ही उपभोक्ता पहुंचे, जबकि प्रदेश में बिजली के 65 लाख से ज्यादा उपभोक्ता हैं। कांग्रेस के आधा दर्जन बड़े नेताओं के साथ जरूर सौ से ज्यादा कार्यकर्ता विरोध करने पहुंचे। कुल मिलाकर चार दिनों की जनसुनवाई में करीब दो सौ उपभोक्ता पहुंचे और इसमें से मुश्किल से चार दर्जन ने भी अपनी बात रखी।

आयोग ने पहले 17 और 18 फरवरी को क्षेत्रीय दफ्तरों में जनसुनवाई की। पहले दिन दुर्ग, राजनांदगांव और बिलासपुर में हुई जनसुनवाई में एक दर्जन उपभोक्ता पहुंचे और आयोग के अधिकारियों के सामने ऑनलाइन अपनी बात रखी। दूसरे दिन अंबिकापुर, जगदलपुर और रायगढ़ की जनसुनवाई में भी एक दर्जन उपभोक्ता पहुंचे और बिजली के दाम न बढ़ाने की मांग रखी।


बिजली की कीमत बढ़ाने के प्रस्ताव का विरोध
आयोग के दफ्तर में कांग्रेस का जमकर हंगामा
औपचारिकता न बन जाए : ढेबर
कांग्रेस का विरोध और प्रदर्शन
स्टील उद्योग को सस्ती बिजली का भी विरोध
किसानों ने भी जताया विरोध

**दूसरे दिन अंबिकापुर, जगदलपुर और रायगढ़ की जनसुनवाई में भी एक दर्जन उपभोक्ता पहुंचे और बिजली के दाम न बढ़ाने की मांग रखी**

**क्षेत्रीय दफ्तरों में सिर्फ दो दर्जन उपभोक्ता ही दाम बढ़ाने का विरोध करने पहुंचे**

### रायपुर में कांग्रेस का बड़ा विरोध

राजधानी रायपुर के दफ्तर में 19 फरवरी को की गई जनसुनवाई में कांग्रेस के नेता भारी संख्या में विरोध करने पहुंचे। इन नेताओं ने पहले तो आयोग के दफ्तर के सामने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद इन्होंने आयोग के अधिकारियों के सामने बिजली के दाम बढ़ाए जाने का विरोध किया। दो पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, श्रीकुमार मेनन ने अपनी बात रखते हुए जहां दाम बढ़ाने का विरोध किया, वहीं पॉवर कंपनी पर बकाया वसूली में लापरवाही और पक्षपात करने का आरोप भी लगाया। कांग्रेसी नेताओं ने साफ कहा, कंपनी महज आम उपभोक्ताओं का बकाया होने पर बिजली ऑटो कट रही है। बड़े बकायेदारों की बिजली कट करने में कंपनी का पसीना छूट रहा है। अगर कंपनी अपना बकाया वसूल कर ले तो बिजली के दाम बढ़ाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

### *घरेलू उपभोक्ताओं का सरोकार ही नहीं*

*बिजली के दाम बढ़ने से लगता है कि घरेलू उपभोक्ताओं का कोई सरोकार ही नहीं है। चार दिनों की सुनवाई में आधा दर्जन घरेलू उपभोक्ता भी विरोध करने के लिए नहीं पहुंचे, जबकि प्रदेश में 45 लाख से ज्यादा घरेलू वर्ग के उपभोक्ता हैं। पहले तो चार सौ यूनिट तक बिजली बिल हॉफ होने पर घरेलू उपभोक्ताओं को राहत रहती थी, इसलिए उपभोक्ता नहीं पहुंचते थे, अब तो दायरा भी कम हो गया है।*

### *स्टील उद्योग को सस्ती बिजली का विरोध*

*एक तरफ हर वर्ग के उपभोक्ताओं को महंगी बिजली मिल रही है, दूसरी तरफ स्टील उद्योग को लोड फैक्टर के कारण बिजली सस्ती मिल रही है। लोड फैक्टर को कम करने की मांग जहां पॉवर कंपनी ने भी अपनी याचिका में की है, वहीं छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी महासंघ के पदाधिकारियों ने भी स्टील उद्योग को सस्ती बिजली देने का विरोध किया है। कांग्रेस के नेताओं ने भी स्टील उद्योग को सस्ती बिजली देने का विरोध करते हुए साफ कहा, स्टील उद्योगों के कारण हर साल पॉवर कंपनी पर 15 सौ करोड़ का भार पड़ता है जिसकी वसूली हर वर्ग के उपभोक्ताओं से की जाती है। दूसरी तरफ स्टील उद्योग ने अपने लोड फैक्टर को कम न करने की मांग रखी।*

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री साय को फलों से तौला, किया अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं नागरिक खाद्य आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को फलों से तौला एवं उनके दीर्घायु होने की मंगलकामना की।

इस मौके पर श्री श्रीवास्तव ने कहा, विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरा प्रदेश उन्नति की ओर अग्रसर है। नक्सलवाद का खात्मा एवं बस्तर ओलंपिक की शुरुआत ने यह साबित कर दिया है कि सुदूर वनांचलों तक विकास की गंगा बह रही है। कार्यक्रम के संयोजक अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, हज कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा एजाज बेग, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रजिया खान, मंत्री सैयद रजा, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जीशान सिद्दीकी, आतिफ सिद्दीकी, फैसल खान, इसराइल शेख, शब्बीर खान, रोहित सेन, यश अग्रवाल आदि शामिल थे।

## दीदी मां मंदाकिनी की श्रीराम कथा 27 से

**रायपुर।** श्री रामकिंकर आध्यात्मिक मिशन द्वारा 27 फरवरी से 1 मार्च तक श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस बीटीआई मैदान के सामने होगा। युग तुलसी श्रीरामकिंकर महाराज की हृदयात्मजा कथाव्यास दीदी मां मंदाकिनी श्रीराम कथा का रसपान कराएंगी। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि श्रीराम कथा रोजाना शाम 5.30 से 6.30 बजे तक होगी एवं भक्ति सत्संग शाम 6.30 से 8.30 बजे तक होगा।



# श्मशान में सिंदूर, टोटके की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





- मौके पर जांच करने पहुंची कबीर नगर पुलिस
- अस्थि की राख चुनने गए परिजनों ने सिंदूर, काला कपड़ा देख जताई तंत्र क्रिया करने की आशंका

कबीर नगर थाना क्षेत्र के जरवाय श्मशानघाट में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। चार दिन पूर्व एक मृतक का अंतिम संस्कार किया गया था। वहां से कुछ दूरी पर टोटका और तांत्रिक क्रिया करने का सामान मिला है। आशंका जताई गई है कि जिस मृतक का अंतिम संस्कार किया गया है। सिर की पीछे तरफ की हड्डी को तंत्र क्रिया करने अज्ञात लोग उठा ले गए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद जांच करने मौके पर पुलिस पहुंची। हालांकि मृतक के परिजनों ने इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस के मुताबिक, शेखर यादव के निधन होने के बाद उसके परिजनों ने 19 फरवरी को अंतिम संस्कार किया था। हिंदू संस्कृति के अनुसार अस्थि विसर्जन करने मृतक के शरीर के पांच प्रमुख अंगों की हड्डी चुनने जब 22 फरवरी को वे श्मशानघाट पहुंचे तो परिजनों को चिता से सिर के अवशेष गायब दिखे। चिता के पास काला कपड़ा, नीबू और सिंदूर सहित तांत्रिक क्रिया से जुड़ी सामग्री पड़ी हुई मिली, जिससे तंत्र साधना की आशंका जताई जा रही है। शेष अस्थियां वहीं थीं, लेकिन सिर के अवशेष गायब होने से परिवार स्तब्ध रह गया। परिजनों ने आसपास तलाश की तो चिता के पास काला कपड़ा, कटा नीबू, सिंदूर और अन्य संदिग्ध सामग्री दिखाई दी। इससे आशंका जताई जा रही है कि किसी ने तंत्र साधना के उद्देश्य से चिता के साथ छेड़छाड़ की है। श्मशान परिसर के अंदर एक लावारिस बाइक भी खड़ी मिली, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया। लावारिस बाइक को पुलिस जब्त कर अपने साथ थाने ले गई।

### पुलिस ने जताई शरारत की आशंका

अगले महीने मार्च में होलिका दहन व पूर्णिमा और चंद्रग्रहण भी है, इस बात को ध्यान में रखते हुए शरारती तत्वों द्वारा जानबूझकर लोगों को डराने की कोशिश करने की पुलिस ने आशंका जताई है। पुलिस के अनुसार श्मशानघाट के आसपास किसी नशेड़ी ने जानबूझकर तंत्र क्रिया करने का सामान रख दिया होगा। अंतिम संस्कार के समय मृतक की कपाल क्रिया करने के बाद सिर फूट जाता है, ऐसे में सिर की हड्डी की पहचान कर पाना मुश्किल है।

## जॉब फेयर में कुल 80 कंपनियों ने लिया भाग



**रायपुर।** युवा भारतीय रायपुर चैप्टर द्वारा आयोजित दो दिवसीय यंग इंडियन जॉब फेयर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह आयोजन युवाओं और उद्योग जगत के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में उभरकर सामने आया, जिसमें विद्यार्थियों और रिक्रूटर्स दोनों की ओर से उत्साहजनक सहभागिता देखने को मिली। वाय-आई रायपुर के चेयर पंकज सोमानी एवं को-चेयर कावित पासारी के नेतृत्व में आयोजित इस जॉब फेयर में कुल 80 कंपनियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के लिए 1300 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 1000 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। उल्लेखनीय रूप से 200 विद्यार्थियों को ऑन-द-स्पॉट जॉब कन्फर्मेशन प्राप्त हुए।

# अज्ञात मृतक की शिनाख्त, कब्र से निकालकर लाश परिजनों के सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने जोरा में जगह कम पड़ने के बाद कृष्ण मित्र फाउंडेशन द्वारा सरजूबांधा तालाब स्थित श्मशानघाट में अंतिम संस्कार करने जिला प्रशासन को जगह उपलब्ध कराई गई है। जगह मिलने के बाद 19 फरवरी शुक्रवार को एक अज्ञात मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। शिनाख्त होने के बाद मृतक की लाश रविवार को उनके परिजनों के सुपुर्द की गई।

कृष्ण मित्र फाउंडेशन के अध्यक्ष माधव यादव के अनुसार, मृतक की शिनाख्त बलौदाबाजार पलारी निवासी बेदूराम बंजारे (48) के रूप में हुई है। बेदूराम 15 फरवरी को खम्हारडीह रेलवे ट्रेक में ट्रेन से टकराकर बुरी तरह से घायल हो गया था, जिसकी डीकेएस अस्पताल में 18 फरवरी को उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाने के कारण कृष्ण मित्र फाउंडेशन के कहने पर मृतक का अंतिम संस्कार सरजूबांधा तालाब स्थित श्मशानघाट में किया गया। थाने में फोटो देख मृतक की शिनाख्त उनके बेटे नरेंद्र, अरुण तथा छोटे भाई देवदास बंजारे ने की।

**एसडीएम की उपस्थिति में सरजूबांधा श्मशानघाट में दफनाए शव को निकाला**








# कैबिनेट मंत्री नेताम पहुंचे कृषि विवि, किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने रविवार को रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक प्रक्षेत्र एवं विभिन्न अनुसंधान प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय में चल रहे उन्नत कृषि अनुसंधान, बीज विकास, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से जुड़े कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने शोध गतिविधियों, प्रयोगात्मक परियोजनाओं और किसानों के हित में विकसित की जा रही तकनीकों की जानकारी ली। उन्होंने वैज्ञानिकों और प्राध्यापकों से संवाद करते हुए अनुसंधान कार्यों की उपयोगिता, जमीनी स्तर पर उनके प्रभाव और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। मंत्री ने विशेष रूप से बीज विकास और प्राकृतिक खेती से संबंधित अनुसंधान को प्रदेश के कृषि परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य अनुसंधान आधारित कृषि नवाचारों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल सहित अन्य वरिष्ठ प्राध्यापक एवं शोधकर्ता उपस्थित रहे। कुलपति ने विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न अनुसंधान कार्यों, नवाचार परियोजनाओं और किसानों के लिए विकसित तकनीकों की जानकारी मंत्री को दी।






हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



## झलकियां...



हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के 9वें दीक्षांत समारोह का आयोजन रविवार को दोपहर 2 बजे वीआईपी रोड स्थित होटल बेबीलॉन कैपिटल में हुआ। दीक्षांत समारोह में देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कानून के छात्रों को सहयोग, धैर्य और ईमानदारी के साथ अपना करियर बनाने का आव्हान किया और कानूनी पेशे में नैतिक मूल्यों व आपसी तालमेल के महत्व पर जोर दिया। समारोह में लॉ के 242 छात्रों को डिग्रियां और 36 स्वर्ण पदक शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रदान किए गए।

# लॉ की डिग्री और मेडल पाकर स्टूडेंट्स के चेहरे खिले, सफलता पर टीचर्स-फैमिली गौरवान्वित

## हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का 9वां दीक्षांत समारोह

रायपुर। मुख्य न्यायाधीश सभी डिग्रीधारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एवं विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद के सदस्य न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा एवं उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा, लॉ मिनिस्टर गजेंद्र यादव छत्तीसगढ़ शासन, मंत्री रामविचार नेताम बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के कुलपति, शिक्षाविद, अधिवक्ता, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की समारोह में सहभागिता रही।





### 12 गोल्ड मेडल पाकर यूनिवर्सिटी बनी टॉपर



दीक्षांत समारोह में छात्रा जसकौर बिंद्रा को शिक्षण सत्र 2020-25 के लिए बीए ऑनर्स एलएलबी की डिग्री और चांसलर मेडल सहित कुल 12 गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। उपाधि व मेडल प्राप्त कर वे यूनिवर्सिटी टॉपर बनीं। जसकौर ने इस उपलब्धि के लिए पढ़ाई के प्रति अपनी लगन, यूनिवर्सिटी में वर्ल्ड क्लास फैकल्टी और फैमिली सपोर्ट को श्रेय दिया।



### एलएलएम के लिए मिला गोल्ड मेडल

एलएलएम के छात्र श्रेयांश शर्मा को इंटेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स में किए रिसर्च के लिए डिग्री सहित गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।एलएलएम में गोल्ड मेडलिस्ट बनकर श्रेयांश का चेहरा खिल उठा। उन्होंने इस उपलब्धि पर कहा, उनका सपना है कि वह आम लोगों को न्याय दिलाने का कार्य कर सके। इस डिग्री ने मेरे आत्मविश्वास और सपने, दोनों को पंख दिए हैं।



### सीजेआई पहुंचे ट्राइबल फ्रीडम फाइटर म्यूजियम

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने नवा रायपुर के आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में बने देश के पहले ट्राइबल फ्रीडम फाइटर डिजिटल म्यूजियम का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का यह जनजातीय संग्रहालय अद्वितीय है। देश के प्रत्येक नागरिक को जनजातीय इतिहास और संस्कृति से वाकिफ होना चाहिए।

### मेहनत और फैमिली सपोर्ट ने बनाया सफल



बीए एलएलबी ऑनर्स में डिग्री के साथ 3 गोल्ड मेडल हासिल करने वाली छात्रा अदिति कुण्डू ने कहा कि यह सफलता मेरी दिन-रात की पढ़ाई का नतीजा है। इसका श्रेय मैं अपनी मेहनत और फैमिली के सपोर्ट को देती हूं।

### पीएचडी का सपना हुआ पूरा



जबलपुर धर्मशाला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के तौर पर अध्ययनरत स्वाति सिंह परमार को लॉ की पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी इन लॉ की इस उपलब्धि पर स्वाति ने कहा कि फाइनली मेरी कड़ी मेहनत के बाद आज पीएचडी होल्डर होने का सपना साकार हुआ।

### डिग्री के साथ 6 गोल्ड मेडल मिलने पर खुशी



बीए एलएलबी ऑनर्स में मेरिट रही हरसिमरन कौर को डिग्री सहित ऑल सब्जेक्ट में 6 गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। इस सफलता का हरसिमरन ने अपने गुरुजनों और माता-पिता का आशीर्वाद और स्वयं की मेहनत को श्रेय दिया। समारोह में उपस्थित उनकी फैमिली बेटी की इस कामयाबी पर गौरवान्वित हुई और परिजन खुशी से झूम उठे।

### इनको मिली पीएचडी इन लॉ की डिग्री

दीक्षांत समारोह में कुल 6 शोधार्थी लॉ स्टूडेंट्स को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इनमें आदित्य अग्रवाल, पलक शर्मा, प्रियंका राठी, शैलेष पाण्डेय, स्वाति सिंह परमार ने पीएचडी की उपाधि मिलने पर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे।

## सिटी इवेंट

# संकल्प-2047 के लिए सम्मेलन, संवाद में मूल्य आधारित शिक्षा पर दिया जोर



रायपुर। संकल्प-2047 की कड़ी में रविवार को प्राचार्य सम्मेलन किया गया। इसमें श्रीश्री विश्वविद्यालय के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों की सहभागिता रही। सार्थक संवाद और सहयोग के उद्देश्य से जयस्तंभ चौक स्थित एक होटल में यह सम्मेलन किया गया। मुख्य फोकस राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 की परिकल्पना के तहत समग्र एवं मूल्य-आधारित शिक्षा को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के शैक्षिक दर्शन से प्रेरित इस सम्मेलन में इस बात पर जोर दिया गया कि शिक्षा केवल सूचना का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि परिवर्तनकारी प्रक्रिया है। जो चरित्र निर्माण, भावनात्मक सुद्धता, संवेदनशीलता, मानवीय मूल्यों का पोषण भी करती है। आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा प्रतिपादित तनावमुक्त जीवन, आंतरिक सशक्तिकरण के सिद्धांतों की रूपरेखा में समाहित किया। विश्वविद्यालय के कार्मिक निदेशक स्वामी सत्यचैतन्य, प्रबंधन संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. बिप्लब कुमार बिस्वाल और आईसीटी प्रमुख जयेश दौलतजादा ने अपनी बात रखी।

### समकालीन चुनौतियों के समाधान पर प्रकाश डाला

विचार-विमर्श करते हुए शिक्षाविदों ने एनईपी-2020 के क्रियान्वयन एवं एजुकेशन 5.0 की उभरती अवधारणा पर चर्चा की। सत्रों में नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों, डिजाइन चिकिंग, अनुभवात्मक अधिगम रणनीतियों तथा विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव, डिजिटल निर्भरता व समकालीन चुनौतियों के समाधान पर प्रकाश डाला। प्रोजेक्ट दिशा नामक विशेष मॉड्यूल के माध्यम से भी शिक्षकों की व्यावहारिक वेल-बीइ्ग उपकरण, आधारभूत परामर्श कौशल, प्राचीन ज्ञान परंपराओं एवं आधुनिक मनोवैज्ञानिक पद्धतियों पर आधारित मार्गदर्शन प्रदान किया। शिक्षकों के कल्याण को सुदृढ़ करने संरचित दृष्टिकोण की सराहना की। इससे विद्यार्थियों के बेहतर परिणामों से जोड़ा गया।

### सफल सम्मेलन के लिए जाहिर की खुशी

आर्ट ऑफ लिविंग की संकाय सदस्य पूजा जिंदल, कुलाध्यक्षा प्रो. राजिता कुलकर्णी, कुलपति प्रो. डॉ. तेजप्रताप, कार्मिक निदेशक स्वामी सत्यचैतन्य ने सार्थक संवाद और सफल सम्मेलन की सराहना करते हुए अमल करने पर जोर दिया। कार्यकारी कुलसचिव प्रो. डॉ. अनिल कुमार शर्मा तथा मानव संसाधन उपनिदेशक ज्योतिरंजन गणनायक ने सफल आयोजन को लेकर खुशी जाहिर की। इसमें मीडिया संचार प्रबंधक हितांशु शेखर मोहंता ने संकल्प-2047 के प्रभावी क्रियान्वयन, समन्वय एवं संचार में अहम भूमिका निभाई। सुधाकर राव, जिला शिक्षक समन्वयक महेंद्र गुप्ता, जोन शिक्षक समन्वयक नीति मिश्रा एवं दीपेंद्र दीवान की सक्रिय भागीदारी रही।

# डॉग शो में करतब देख दर्शक हुए रोमांचित....

रायपुर। प्रदेश के सबसे बड़ा डॉग शो का आयोजन रविवार को काली माता मंदिर आकाशवाणी के सामने गॉस मेमोरियल ग्राउंड में किया गया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ कैनाइन एसोसिएशन द्वारा किया गया। शो में विभिन्न नस्लों के डॉग को शामिल किया गया। यह शो शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। शो में प्रतिभागी डॉग्स को उनके ऑनर लेकर पहुंचे थे। शो में एक से बढ़कर एक डॉग्स के कारनामे देख दर्शक रोमांचित होते रहे।







# जाणता राजा : कहानी, दृश्यों और कलाकारों के जीवंत अभिनय ने नाटक को बनाया यादगार

रायपुर। साइंस कॉलेज मैदान में चार दिवसीय जाणता राजा नाटक मंचन की रविवार को हुई प्रस्तुति के साथ ही इसका समापन हो गया। बाबासाहेब पुरंदरे द्वारा लिखित जाणता राजा नाटक में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन-संघर्ष, शौर्य और स्वराज की कहानी ने दर्शकों के हृदय पर गहरी छाप छोड़ी। वहीं पुणे के 100 अधिक कलाकारों के नाटक में समर्पण, जीवंत अभिनय ने नाटक को यादगार बना दिया। छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के तत्वावधान में हुए इस नाटक को लेकर दर्शकों में खासी उत्साह रही। योगेश शिरोले के निर्देशन में शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित इस ऐतिहासिक नाटक में लाइव घोड़े, पारंपरिक नृत्य और शानदार प्रकाश व्यवस्था के साथ स्थानीय कलाकारों की भावपूर्ण अभिनय ने पहले दिन से लेकर अंतिम दिन तक दर्शकों को बांधे रखा। नाट्य मंच पर छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की गौरवशाली गाथा, भव्य मंच, सजीव दृश्य और पारंपरिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को ऐतिहासिक काल का अनुभव कराया। चारों दिन नाटक को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय दर्शक, नाट्य प्रेमी पहुंचे।



### युद्ध के दृश्यों ने दर्शकों किया रोमांचित

*पुणे से आए तकनीकी विशेषज्ञ कौशिक नाइक और वैभव जोशी के मंच सज्जा और प्रकाश व्यवस्था युद्ध के दृश्यों में सैनिक दल, हाथी-घोड़े के टापू और आवाज की बैग्राउंड म्यूजिक ने नाटक की प्रस्तुति को भव्य बना दिया। तकनीकी टीम के कमाल ने जाणता राजा नाटक को खास आकर्षक बनाया और रोमांच से भर दिया। नाटक में कव्वाली नृत्य, पोवला, कोली गीत, दिंडी नृत्य और घाघर फूंकने जैसे पारंपरिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वहीं कॉलेज छात्राओं के साथ प्रौढ़ महिलाओं का तालमेल और ऊर्जा देखने लायक रही। नाटक में शिवाजी महाराज के जन्म, युवावस्था और राज्याभिषेक जैसे महत्वपूर्ण दृश्यों की बहुत ही सजीवता से मंच पर प्रस्तुति ने दर्शकों को बांधे रखा।*

## नवा रायपुर स्थित अमायरा में फैंस को मिला खुशनुमा माहौल, पारिवारिक इवेंट में पहुंचे कलाप्रेमी

# दूल्हे का सेहरा सुहाना लगता है....सूफी गीत-संगीत के फनकार बिस्मिल की टीम ने सजाई महफिल

कार्नर न्यूज

रायपुर। मशहूर सूफी सिंगर बिस्मिल की बहुप्रतीक्षित बिस्मिल की महफिल का भव्य आयोजन रविवार की रात नवा रायपुर स्थित होटल अमारा में किया गया। जहां सूफी और टेक्नो संगीत का अद्भुत संगम संगीत प्रेमियों की मौजूदगी में हुआ। इसमें हजारों संगीत प्रेमियों की मौजूदगी ने महफिल को खास बनाया। इस पारिवारिक इवेंट में जहां एक तरफ फैशन शो का तड़का लगा। दूसरी ओर डीजे परफार्मेंस भी दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। जहां दूल्हे का सेहरा सुहाना लगता है.., ये जो हल्का-हल्का सुरूर है.., जैसे कई गीतों के लाइव परफॉर्मेंस का हिस्सा बनने के लिए हर वर्ग के लोग पहुंचे, लेकिन युवाओं के बीच सूफी और टेक्नो संगीत का जादू सिर चढ़कर बोल रहा था।





### हर किसी ने लम्हे को मोबाइल में किया कैद

अपने पसंसीदा फनकार को शहर में लाइव परफॉर्मेंस देते देखने के लिए पहुंचे युवाओं ने हर लम्हें को मोबाइल में कैद किया। जैसे ही गीतों का सिलसिला शुरू हुआ, युवा मंच के सामने झूमने को आतुर नजर आए। हर किसी ने अपने मोबाइल में वीडियो बनाते हुए इस आयोजन को खास बना दिया। डेढ घंटे तक चले इस इवेंट में बिस्मिल की टीम ने भी लोगों को बेहतर प्रस्तुति से जोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। टीम द्वारा दी गई हर प्रस्तुति का लोगों ने उत्साह से स्वागत किया।

### सूफी नाइट्स में शामिल हुई युवाओं की टोली

बिस्मिल ग्रुप को लोगों ने पहले सोशल मीडिया पर ही देखा और सुना था। शहर के संगीत प्रेमियों के बीच यह पहला इवेंट हुआ, जिसमें लोगों को लाइव देखने को अवसर मिला। अब तक की सबसे बड़ी सूफी नाइट्स का साक्षी बनने के लिए तय समय से भी पहले आयोजन स्थल पहुंचे। इससे शाम 6 बजे के बाद से ही उत्सव का माहौल बनना शुरू हुआ। जैसे ही बिस्मिल का ग्रुप स्टेज पर आया, रायपुरियंस ने उनका उत्साह से स्वागत किया। इसके बाद हर प्रस्तुति के बीच युवाओं की टोली का उत्साह भी कम नहीं था।

## धर्म लाइव

# भवति भिक्षाम देहि...मंत्रोच्चार की तुलसी मानस में रही गूंज



**रायपुर**। सरयूपारीण ब्राह्मण सभा द्वारा वृहद निशुल्क जनेऊ संस्कार समारोह का दो दिवसीय आयोजन तुलसी मानस भवन में किया गया। इसमें भवति भिक्षाम देहि.. श्लोक के साथ आचार्य यदुवंश मणि त्रिपाठी, वृषणेंद्र त्रिपाठी, रामहृदय तिवारी ने ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद एवं सामवेद को समर्पित श्लोकों का पाठ 59 बटुकों को कराया। उपनयन वेदारंभ समावर्तन के महत्व से अवगत कराया। डॉ. सुरेश शुक्ला ने अतिथियों में दंडी स्वामी डॉ. इंदुभावनंद, राजेश्री महंत रामसुंदर दास, पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा का स्वागत किया। समाज के अध्यक्ष डॉ. शुक्ला, राममूर्ति तिवारी, प्रवीण चौबे, प्रमोद शर्मा, आरएल द्विवेदी, वीके मिश्रा ने अतिथियों के साथ बटुकों को आशीर्वाद प्रदान कराया।

### पंडितों और आचार्यों ने बटुकों से कराया पूजन

रविवार को देर शाम बटुकों एवं परिजनों सहित समाज के पदाधिकारियों ने धूमधाम से बटुकों की बारात को भ्रमण के लिए निकाला। प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि समाज के महिला विंग से जुड़ी कुसुम त्रिपाठी, कुसुम शुक्ला, सीमा शुक्ला के साथ बैंड-बाजे के साथ बारात निकाली गई। हनुमान मंदिर पहुंचने पर बटुकों के पंडित एवं आचार्यों ने पूजा-पाठ करते हुए उपनयन के आयोजन को सफल बनाया। अंत में बारात तुलसी भवन पहुंची, जहां लगभग 14 सौ से ज्यादा परिजनों, पदाधिकारियों ने रंगोत्सव के पूर्व होली का रंग बिखेरा।

## इवेंट लाइव

# रीमिक्स गीतों पर ग्रुप डांस से वार्षिकोत्सव में जमाया रंग



**रायपुर**। पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति सेवा समिति द्वारा संचालित और सीबीएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त राघव पब्लिक स्कूल का प्रथम वार्षिकोत्सव खास रहा। छात्र-छात्राओं ने रीमिक्स गीतों पर ग्रुप डांस पेश करते हुए दर्शक दीर्घा में पालकों से वाहवाही लूटी। कचना स्थित परिसर में हुए वार्षिकोत्सव को यादगार बनाने का प्रयास विद्यार्थियों समेत शिक्षिकाओं ने भी किया। वहीं मुख्य अतिथि जगदीश बर्मन, रीजनल ऑफिसर, सीबीएससी बोर्ड, अध्यक्ष की आसंदी पर संस्था के अध्यक्ष सुशील शुक्ला एवं उनके साथ राजेश श्रीवास्तव, नितिन रावत, रश्मि तिवारी और प्राचार्य कुमुद मिश्रा ने आयोजन को सफल बनाने का प्रयास किया। मंचस्थ अतिथियों ने स्कूल की उपलब्धियों से जुड़ी जानकारी दर्शक दीर्घा में मौजूद पालकों को दी।

### 20 से ज्यादा प्रस्तुतियों से दिया खुशनुमा माहौल

इसके बाद द्वारा स्कूल खेल परिसर एवं सर्व सुविधायुक्त भवन की सराहना करते हुए पालकों को बताया कि शहर के मध्य में इस तरह का वातावरण ही छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास की नींव बनेगा। सभी अतिथियों ने आगामी सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने सभी अध्यापकों, पैरेंटस का साधुवाद करते हुए कहा कि संस्था की उत्तरोत्तर प्रगति में हमारी संस्था निरंतर प्रयासरत रहेगी। इसके बाद एक बार फिर से मंचीय प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हुआ। इसमें एक से बढ़कर एक 20 से ज्यादा प्रस्तुतियों ने लोगों को खुशनुमा माहौल दिया।

## समाज इवेंट

# भगवान मल्लिनाथ के मोक्ष कल्याणक में पंचामृत अभिषेक



**रायपुर**। श्री सन्मति नगर दिगम्बर जैन मंदिर फाफाडीह में रविवार को जैन संप्रदाय के 19वे तीर्थंकर श्री मल्लीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक एवं मंदिर के सामने स्थित मानस्तंभ का वर्ष में एक बार होने वाला पंचामृत अभिषेक आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के सुशिष्य मुनिश्री सुयश सागर एवं मुनिश्री कौशल्य सागर महाराज के मार्गदर्शन में सुबह साढे सात बजे किया गया। सुयश सागर महाराज के मुखारविंद से अभिषेक एवं शांति धारा के बाद श्री मल्लीनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू अर्पण किया गया। यह जानकारी श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल पंचायत के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या ने दी।

### नदियों से लाए गए शुद्ध जल से अभिषेक

उन्होंने आगे बताया कि प्रात: 9.30 बजे मानस्तंभ पर चारों दिशाओं में स्थापित वर्तमान शासन नायक वीर प्रभु श्री महावीर भगवान की प्रतिमाओं का पंचामृत से अभिषेक किया गया। इसके बाद देश की विभिन्न नदियों से लाए गए शुद्ध जल से जलाभिषेक किया इन सभी कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से बालब्रह्म चारी पवन, पंडित अजीत शास्त्री एवं पं. नितिन जैन ने विशेष सहयोग दिया। अभिषेक के अवसर धर्मानुरागी सपरिवार शामिल हुए। यह जानकारी संस्था के प्रचार सचिव अतुल गोधा ने दी।

## ● रायपुरा स्थित सामाजिक भवन में यादव समाज ने सजाया लग्न मंडप

# बैंड-बाजे के साथ निकली बारात, विधि-विधान से 21 जोड़ों का आदर्श विवाह, यादव समाज बना साक्षी

बैंड-बाजे की धुन पर झूमते-नाचते वर-वधू पक्ष ने रविवार को जहां वैवाहिक आयोजन को यादगार बनाया, वहीं महिलाओं और समाज के लोगों ने मिलकर 21 जोड़ों का आदर्श विवाह विधि-विधान से कराने का दायित्व निभाते हुए लग्न मंडप सजाया। इसके चलते रायपुरा स्थित छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के भवन दिनभर उत्सव का माहौल रहा। जहां समाज की सहभागिता से नवविवाहित जोड़ों ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। इस अवसर के साक्षी सैकड़ों की तादाद में समाजजन भी बने। वहीं दूसरी तरफ आगामी 28 फरवरी और 1 मई को आशीर्वाद भवन में होने वाले दिव्यांगजनों के आदर्श विवाह को सफल बनाने के लिए आयोजकों ने मंथन किया।



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन के साथ ही आदर्श विवाह का आयोजन गरिमामय माहौल में रविवार को सुबह 11 बजे शुरू हुआ। इसे महानगर इकाई, जिला इकाई और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श सामूहिक विवाह का साक्षी बनने के लिए राज्य के अलग-अलग शहरों से समाज के लोग सपरिवार शामिल हुए। समाज के प्रदेश सचिव एवं शहर जिला अध्यक्ष सुन्दर लाल यादव ने बताया कि महादेव घाट रायपुरा स्थित सामाजिक भवन में एक तरफ जहां विवाह की रस्में निभाई जा रही थी। वहीं दूसरी तरफ विवाह योग्य युवक-युवतियों के द्वारा परिचय दिया जा रहा था। इस अवसर पर सामाजिक सम्मेलन, सामाजिक विभूतियों तथा मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान सहित सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला भी सजाई गई।



### 28 फरवरी को हल्दी-मेहंदी और संगीत, 1 मार्च को विवाह

1 मार्च को देश के विभिन्न स्थानों से आए विवाहयोग्य दिव्यांग, निशक्त जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। यह सामूहिक विवाह अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत, कान्यकुब्ज सभा व शिक्षा मंडल, मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क किया जाएगा। 16वें राज्य स्तरीय आयोजन को सफल बनाने के लिए रविवार को आशीर्वाद भवन बैरन बाजार में समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक की गई चरणों पर हैं। इसमें सत्येंद्र अग्रवाल, संतोष तिवारी, पंकज अग्रवाल, वीरेंद्र पांडेय, राजेश अग्रवाल, अनुराधा दुबे सहित सभी पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में 28 फरवरी को हल्दी-मेहंदी और संगीत का क्रम तय किया गया। वहीं 1 मई को भव्य आदर्श विवाह का आयोजन करने की तिथि पर मुहर लगी।

### परंपराओं को पंडितों के मार्गदर्शन में निभाया

उन्होंने बताया कि इस वर्ष 21 जोड़ों का आदर्श विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया था। इस कड़ी में सभी जोड़ों के विवाह का खर्च समाज द्वारा वहन किया गया। इस साल भी आयोजन को सफल बनाने के लिए इसे दो अलग-अलग सत्र में विभाजित किया गया था। समारोह को सपल बनाने में समाज की महिलाओं और युवाओं के साथ पदाधियों ने भी अहम भूमिका निभाई। समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव की अगुवाई में सुबह से लेकर देर-रात तक वैवाहिक आयोजन को पूर्ण रूप देने में वर-वधू पक्ष के लोगों ने भी सहयोग किया। महिलाओं ने लग्न मंडप से जुड़े सभी रीति-रिवाजों का पालन पंडितों के मार्गदर्शन में करवाया। इसके चलते सामाजिक उत्सव में हर वर्ग के लोगों ने सहभागिता निभाई।

### परिचय सम्मेलन के लिए समाज ने दिया मंच

श्री यादव ने बताया कि विवाहयोग्य वर-वधू की तलाश में परिवार के लोगों का समय और धन दोनों ही खर्च होता है। इसे बचाने और समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक ही मंच पर लाने और उन्हें परिचय देने का अवसर दिया गया। इससे अपने लड़के या लड़की के अनुरूप वर और वधू तलाशने के लिए परिचय देने का अवसर भी समाज की पहल पर दिया गया। कार्यक्रम स्थल पर ही उनके परिजनों को साथ बैठाकर आपस में चर्चा करने की व्यवस्था भी की गई। इससे उन्हें आगे मुलाकात करके चर्चा को आगे बढ़ाने और रिश्तेदारी में बदलने में आसानी होगी। समाज के संरक्षक घुरऊराम यादव, शत्रुघन यादव, प्रीतम यादव, बैशाखू राम यादव और मतवारी यादव मौजूद थे।

# फिक्र सेहत की, शिविर में जांच

**रायपुर**। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर रविवार को लगाया गया। इसमें 1505 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ लिया। मुख्य अतिथि बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शिविर का शुभारंभ किया। काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि एमएमआई हॉस्पिटल में लगाए गए शिविर में 40 डॉक्टरों की टीम मौजूद रही, जहां 1200 से ज्यादा लोगों ने अपना ब्लड टेस्ट कराया। वहीं श्री देव ने कहा कि मानव सेवा का कार्य सिंधी काउंसिल द्वारा किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति हर व्यक्ति को जागरूक रहना चाहिए। संत युधिष्ठिर लाल ने कहा कि1 पहली बार इतने लोगों जांच निशुल्क की गई। विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, अमित साहू, संजय श्रीवास्तव, पूर्व विधायक देवजी पटेल, हेमंत पाणिग्रही समेत सिंधी पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी, जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर भी शामिल हुए।




## निशुल्क होम्योपैथिक एवं हड्डी रोग जांच शिविर

**रायपुर**। नहरपारा विकास समिति द्वारा रविवार को निशुल्क होम्योपैथिक एवं हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप सिंह चावला ने बताया कि स्व. मुल्कराज आहूजा एवं इंदर सिंह चावला को अगरबत्ती व गुलाब की पंखुड़ियों से श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद 100 से अधिक लोगों के शुगर और ब्लडप्रेशर की जांच की गई। होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. अंजू सूद ने 85 लोगों की जांच करते हुए उन्हें निशुल्क दवा दी।



शिविर का शुभारंभ पार्षद अवतार बागल व संचालन किशोर आहूजा ने किया। सभा को पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, बलराम आहूजा, अवतार बागल, सुभाष अग्रवाल, दलजीत सिंग चावला, हरीश खन्ना ने संबोधित किया।

# इक्लेक्टिका कल्चरल फेस्ट में म्यूजिकल बैंड नुक्कड़ नाटक से स्टूडेंट्स ने मचाई धमाल

**रायपुर**। एनआईटी में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव इक्लेक्टिका-2026 का आयोजन किया गया। रविवार को यह आयोजन संस्था की सांस्कृतिक समिति ने किया। तीन दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन संगीत, नाट्य और नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने परिसर को जीवंत बना दिया, जहां विद्यार्थियों और प्राध्यापकों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली।

**एनआइटी में इक्लेक्टिका 2026 का हुआ भव्य समापन**

समापन दिवस का प्रमुख आकर्षण अविर्भाव म्यूजिकल बैंड प्रतियोगिता रही, जिसने पूरे परिसर को सुरों और ताल की ऊर्जा से सराबोर कर दिया। विभिन्न टीमों ने हिंदी और अंग्रेजी गीतों के संतुलित संगम के साथ मंच पर अपनी विशिष्ट शैली और संगीत कौशल का सशक्त प्रदर्शन किया। लाइव म्यूजिक और युवा ऊर्जा से भरे माहौल में दर्शक देर तक झूमते रहे। प्रतियोगिता में ताजगी बैंड, इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अलौकिक बैंड, आईटीएम यूनिवर्सिटी, द्वितीय स्थान पर रहा। इसके पश्चात आयोजित गूंज नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता ने सामाजिक सरोकारों को प्रभावी ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर की राजभाषा समिति और भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग की टीम ने भाग लिया। राजभाषा समिति की प्रस्तुति सामाजिक, राजनीतिक और पर्यावरणीय चुनौतियों के विरुद्ध एक सशक्त जनजागरण के रूप में उभरी, जिसमें पेपर लीक, भ्रष्टाचार और पर्यावरण विनाश जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया।

### पारंपरिक परिधानों में दी आकर्षक प्रस्तुति

समापन समारोह का उत्साह कल्ट नाइट के साथ चरम पर पहुंचा, जहां छात्र-छात्राएं और प्राध्यापक पारंपरिक परिधानों में एक साथ उपस्थित हुए। विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और ऊर्जावान नृत्य प्रदर्शनों ने शाम को यादगार बना दिया। तालियों की गूंज, उल्लास और सांस्कृतिक गौरव की अनुभूति ने पूरे परिसर को उत्सवधर्मी रंग में रंग दिया।

## पुरानी बस्ती स्थित सत्संग भवन में रायपुर ब्राइट फाउंडेशन का आयोजन

# विधवा-विधुर पुनर्विवाह परिचय सम्मेलन जीवनसाथी की तलाश में पहुंचे प्रतिभागी

कार्नर न्यूज

**रायपुर**। पुरानी बस्ती स्थित सत्संग भवन में रविवार को विधवा-विधुर पुनर्विवाह परिचय सम्मेलन रायपुर ब्राइट फाउंडेशन ने आयोजित किया। सम्मेलन में संस्था द्वारा गठित कानूनविदों एवं शिक्षा जगत से जुड़ी महिलाओं की टीम द्वारा कराई गई काउंसिलिंग व परस्पर पसंद आने के बाद 82 प्रतिभागियों के बीच रिश्तों की बातचीत आगे बढ़ गई। भविष्य में दोनों परिवारों की रजामंदी पर संस्था द्वारा विवाह का कार्यक्रम भी संपन्न कराया जाएगा। परिचय सम्मेलन में प्रतिभागियों ने अपनी दास्तान भी सुनाई कि विधवा व तलाकशुदा हो जाने के बाद अनेकों कठिनाईयां महसूस होती हैं। इसलिए प्रतिभागी फिर से दांपत्य जीवन शुरू करना चाहते हैं। सम्मेलन में हमसफर की तलाश में महिलाओं के साथ बुजुर्गों और युवाओं ने भी मंच पर अपना परिचय दिया। सम्मेलन में दिव्यांगजनों की भी भागीदारी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भवन सन्निर्माण कर्मकार मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल रहे। वहीं अध्यक्षता विवेकानंद सदर बाजार वार्ड के पार्षद मुरली शर्मा ने की। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर, महासचिव अनघा करकशे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल उपस्थित रहे।



### अतिथियों का किया सम्मान

सम्मेलन को गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष केपी खण्डे, डॉ. जेआर सोनी, उत्तम गर्ग, सुरेश रोचलानी, आशुतोष श्रीवास, चंद्रकांत शितूत आदि ने भी संबोधित किया। तत्पश्चात अतिथियों को शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह व मोतीमाला भेंट कर सम्मानित किया गया।

### 472 प्रतिभागियों ने दिया परिचय

प्रदेश सहित विभिन्न प्रांतों से पहुंचे कुल 472 प्रतिभागियों की भागीदारी रही, जिसने मंच पर अपनी परेशानी व दुखड़ा सुनाते हुए पूर्व की वैवाहिक स्थिति व पारिवारिक पृष्ठभूमि को मंच पर साझा कर नवदांपत्य जीवन की शुरुआत करने की इच्छा जताई। इस पुरे आयोजन में अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ,डॉ. मनोज ठाकुर, चेतन चंदेल, श्रीमती राधा राजपाल, दमयंती देशपांडे, लक्ष्मी नारायण लाहोटी, बिहारीलाल शर्मा, हितेश रायचूरा, नरेंद्र ठाकुर, अनघा करकशे, अन्नपूर्णा शर्मा, सुषमा ध्रुव , अंजली शितूत, ज्योति हिरणवार, राजेंद्र सरवैया, चंपालाल साहू, नारायण सेन, रामभरोसा अग्रवाल, संजय मोंहदीवाले,मांडवी कौशिक, शुभ्रा बनर्जी, दीपाली धर, माधुरी बोरकर, सीमा कटंकार ,अरुणा यादव, सुषमा तिवारी, दीपिका वैष्णव अजंता चौधरी, सुचित्रा वर्धन, खुशबू शर्मा, आरती यादव, पूजा दीप, दुर्गा गेंदले, मोनू बंजारे, घासीदास कोसले, आशाराम लहरे , प्रदीप देशपांडे, दिनकर करकशे,आलोक शर्मा, प्रकाश गिरधर ,श्याम सुंदर खंगन सहित सैकड़ो प्रतिभागियों व उनके परिजनों की उपस्थिति रही।

## सिटी स्पोर्ट्स

## अंडर-23 क्रिकेट में छत्तीसगढ़ के वरुण ने लिए शानदार 6 विकेट



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 23 कर्नल सी के नायुडु ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 16 अक्टुबर 2025 से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का क्वार्टर फाइनल मैच (21 फरवरी से 24 फरवरी) को शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में राजस्थान अंडर 23 टीम के विरुद्ध खेला गया। दूसरे दिन राजस्थान अंडर-23 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 100।3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 286 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की शुरुआत अच्छी नहीं रही, उनके प्रारंभिक बल्लेबाज शोभित शर्मा 0 रन पर तथा आयुष पांडे 21 रन बनाकर जल्दी पवेलियन लौट गये। मध्यमक्रम में मयंक वर्मा ने 81 रन तथा राहुल प्रधान ने 58 रन बनाकर पारी को संभाला। दोनों के मध्य चौथे विकेट के लिये 112 रनों की साझेदारी हुयी। उनके अतिरिक्त दीपक यादव ने 36 तथा हर्ष साहु ने 24 रनों का योगदान दिया। राजस्थान अंडर 23 टीम की ओर से गणेष सुथार तथा चेतन शर्मा ने 3-3 विकेट तथा तथा मोहित चंग्रा ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 71 ओवरों में 9 विकेट खोकर 167 रन बना लिये है। राजस्थान की ओर से सचिन यादव ने 75 रन तथा सुमित ने 28 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से वरुण सिंह भुई ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 6 विकेट लिए। दूसरे दिन की समाप्ति तक राजस्थान 119 रनों से पीछे है।

## एलिट ग्रुप में जारी है मुकाबले



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले राउंड के दूसरे दिन शानदार मैच हुआ। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में रायपुर ब्लू के विरुद्ध बल्लेबाजी में बिलासपुर टीम पहली पारी में पांच विकेट पर 271 रन से आगे खेलते हुए 342 रन बनाकर आउट हो गई। सनी पांडे ने 114 रन और इम्तियाज़ खान ने 55 रन बनाए। रायपुर ब्लू के उत्कर्ष तिवारी ने चार और अमितेश पांडे ने तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू ने पहली पारी में दो विकेट पर 175 रन बनाए। जिसमें सानिध्य हुरकट ने नॉट आउट 96 रन और शाश्वत शारडा ने नॉट आउट 57 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर के प्रवीण यादव एवं मोहित राउत ने एक-एक विकेट लिए। आरडीसीए रायपुर में हुए मैच में सरगुजा के विरुद्ध बिलासपुर ब्लू ने 10 विकेट से जीत के साथ सात अंक प्राप्त किए। बल्लेबाजी में बिलासपुर ब्लू टीम पहली पारी में 8 विकेट पर 293 रन से आगे खेलते हुए 310 रन बनाकर आउट हो गई। अनुराग मिश्रा ने 111 रन और पवन परनाटे ने 87 रन बनाए। गेंदबाजी में सरगुजा के आराध्य गुप्ता ने 6 विकेट लिए। बल्लेबाजी में सरगुजा टीम दूसरी पारी में 226 रन पर आउट हो गई। कृष चोपड़ा ने 58 रन, हर्ष दुबे ने 57 रन और आशुतोष सिंह ने 51 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर ब्लू के रवि रोशन सिंह एवं धनंजय नायक ने तीन-तीन विकेट लिए।

दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम प्लेट कंबाइंड के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए जांजगीर चांपा टीम पहली पारी में तीन विकेट 32 रन से आगे खेलते हुए 191 रन बनाकर आउट हो गई। शाबान खान ने 54 रन और संजीव सिंह ने 48 रन बनाए। गेंदबाजी में प्लेट कंबाइंड के सौरभ मजूमदार ने 05 और शुभम अग्रवाल ने 03 विकेट लिए। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 125 रन बनाए। जिसमें आकाश सिंह ने 43 रन और चित्रेश ने 34 रन बनाए। गेंदबाजी में जांजगीर चांपा के हर्ष राठौर, शाबान खान एवं सौरभ जायसवाल ने एक-एक विकेट लिए।

## सब जूनियर वॉलीबॉल के लिए छत्तीसगढ़ की टीम हुगली रवाना



**रायपुर।** 46वीं सब जूनियर नेशनल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 24 फरवरी से 01 मार्च तक हुगली (पश्चिम बंगाल) में आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के बालक एवं बालिका दोनों ही वर्गो की टीमें भाग ले रही है। चैम्पियनशिप के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य का बालक एवं बालिका वर्ग का प्रशिक्षण शिविर रायपुर के सप्रे स्कूल के वॉलीबाल मैदान पर लगाया गया था। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों के 21-21 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसके बाद दोनों ही दलों से 14-14 खिलाड़ियों को चुना गया है।

● चिकित्सक से मिलकर जरूर परामर्श लें, जल्द मिलेगी राहत

# अक्सर थकान-कमजोरी से परेशान रहने वालों को सावधानी बरतने की जरूरत, हो सकता है किसी गंभीर बीमारी का संकेत

" स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कई बार आपके बहुत ज्यादा थके हुए महसूस होते रहना का एक कारण कुछ प्रकार की बीमारियां भी हो सकती हैं। यही वजह है कि अगर आपको लंबे समय थकान महसूस होती रहती है तो एक बार डॉक्टर से मिलकर इसकी जांच जरूर करा लें।

थकान और कमजोरी होना काफी आम है, ये दिक्कतें किसी को भी हो सकती हैं। बहुत ज्यादा शारीरिक या फिर मानसिक रूप से मेहनत के कारण आप थका हुआ महसूस कर सकते हैं। पर क्या अक्सर आराम करते रहने के बावजूद भी आप सुस्त रहते हैं, कुछ काम करने का दिल नहीं करता? अगर हां तो सावधान हो जाइए ये किसी अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का संकेत भी हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, थकान और कमजोरी होने के कई कारण होते हैं, जिनमें पोषण की कमी, मानसिक तनाव, लाइफस्टाइल और कुछ बीमारियां भी शामिल हैं। इसके अलावा पर्याप्त नींद न लेना भी एक कारण है जिससे आप थके हुए महसूस हो सकते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं,



कई बार आपके बहुत ज्यादा थके हुए महसूस होते रहना का एक कारण कुछ प्रकार की बीमारियां भी हो सकती हैं। यही वजह है कि अगर आपको लंबे समय थकान महसूस होती रहती है तो एक बार डॉक्टर से मिलकर इसकी जांच जरूर करा लें।

### क्यों होती है बहुत ज्यादा थकान?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों में पोषक तत्वों की कमी होती है, उन्हें अधिक थकान महसूस होता रह सकता है। विशेषतौर पर शरीर में आयरन की कमी होने से हीमोग्लोबिन का स्तर घट जाता है, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति सही ढंग से नहीं हो पाती और आप अधिक थकान महसूस करते रहते हैं।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की एक रिपोर्ट बताती है कि दुनियाभर में 30% लोग आयरन की कमी से ग्रस्त हैं जो संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। इसके अलावा विटामिन-डी और बी12 की कमी के कारण भी आपको थकान हो सकती है।

### कहीं आप डिप्रेशन का शिकार तो नहीं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के अनुसार, लंबे समय तक तनाव बने रहने की स्थिति शरीर की ऊर्जा को नष्ट करने लगती है। क्रोनिक स्ट्रेस और डिप्रेशन से शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे थकान महसूस होती है। इसका एक कारण ये भी है कि ज्यादा चिंता होने की स्थिति आपके नींद को प्रभावित करने लगती है और नींद पूरी न होने से थकान और भी अधिक होती है।

### आपको एनीमिया या थायरॉइड तो नहीं?

बिना अधिक शारीरिक मेहनत के भी थकान की समस्या बने रहना कई बार एनीमिया और किसी अन्य बीमारी का भी कारण हो सकता है। एनीमिया के कारण जब शरीर में पर्याप्त लाल रक्त कोशिकाएं नहीं बनतीं, तो ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित होने लगती है जिस वजह



से आप कमजोरी महसूस कर सकते हैं।

इसके अलावा थायरॉइड विकार के कारण भी आपको ये दिक्कत हो सकती है। थायरॉइड हार्मोन के उत्पादन में कमी या अधिकता के कारण भी आपको सुस्ती और थकान हो सकती है। एनीमिया या थायरॉइड दोनों का समय पर इलाज जरूरी हो जाता है।

### इन समस्याओं के कारण भी होती है थकान

अक्सर थकान और कमजोरी होते रहने के इन कारणों पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है। ल्यूपस, मल्टीपल स्क्लेरोसिस और रूमेटॉइड आर्थराइटिस जैसी बीमारियों में इम्यून सिस्टम स्वस्थ कोशिकाओं पर अटैक कर देता है।




# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला हैंडबॉल टीम ने रच दिया इतिहास

■ लगातार चार कांस्य के बाद इस वर्ष 'चैंपियन' बनीं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की बेटियां

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला हैंडबॉल टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और अदम्य आत्मविश्वास का परिचय देते हुए 18वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे हैंडबॉल प्रतियोगिता 2026 का खिताब अपने नाम कर इतिहास रच दिया है। 18 से 21 फरवरी 2026 तक वाराणसी में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे को पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया।

### रोमांचक फाइनल मुकाबला

फाइनल मैच में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और दक्षिण मध्य रेलवे के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। मुकाबला अंत तक बेहद रोमांचक बना रहा, लेकिन निर्णायक क्षणों में बेहतर रणनीति और मजबूत मानसिक संतुलन का प्रदर्शन करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 32-29 के अंतर से विजय प्राप्त की और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इससे पूर्व सेमीफाइनल में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर पूर्व रेलवे को 28-26 के करीबी स्कोर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था।

### निरंतर प्रयासों का ऐतिहासिक परिणाम

यह उपलब्धि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रबंधन की खेलों के प्रति दूरदर्शी सोच और सतत प्रयासों का परिणाम है। वर्ष 2021 से खेल को बढ़ावा देने हेतु की गई नई नियुक्तियों तथा खिलाड़ियों को उपलब्ध कराए गए उत्कृष्ट प्रशिक्षण एवं सुविधाओं ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

गौरतलब है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला हैंडबॉल टीम पिछले चार वर्षों से लगातार ऑल इंडिया स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही थी। टीम ने पिछले चार संस्करणों में लगातार चार कांस्य पदक जीतकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। इस वर्ष टीम ने अपने प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाते हुए सीधे स्वर्ण पदक जीतकर 'चैंपियन' का ताज अपने नाम किया।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तरुण प्रकाश, अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, अध्यक्ष/सेक्रसा मनीष अग्रवाल, महासचिव/सेक्रसा हेमेन्द्र कुमार, संयुक्त महासचिव/सेक्रसा समीरकान्त माथुर, संरक्षक अधिकारी/सेक्रसा तन्मय महेश्वरी सहित समस्त सेक्रसा परिवार ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

## घर में ईशान कोण दिशा का महत्व जानिए, होगा लाभ

वास्तु के अनुसार आपके घर की प्रत्येक दिशा विशेष महत्व रखती है और उनमें कुछ विशेष चीजों को रखने की सलाह दी जाती है। ऐसे ही घर में एक मुख्य स्थान होता है ईशान कोण। आइए जानें इसके महत्व और इससे जुड़ी कुछ बातें।

### क्या होता है घर का ईशान कोण

ईशान कोण घर की उत्तर-पूर्व दिशा होती है, वास्तु शास्त्र में इसे घर की सबसे पवित्र और शुभ दिशा के रूप में देखा जाता है। यह दिशा चार प्रमुख दिशाओं उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम के बीच पूर्व और उत्तर के मिलन बिंदु पर स्थित होती है। इस दिशा को हिंदू धर्म में विशेष स्थान प्राप्त है, क्योंकि इसे ईश्वर की दिशा के रूप में देखा जाता है। यह दिशा घर के सभी निवासियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, समृद्धि और रिश्तों को प्रभावित करती है। ईशान कोण को 'आध्यात्मिक द्वार' भी कहा जाता है,



क्योंकि यह ऊर्जा के प्रवाह को नियंत्रित करता है और घर में शांति और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। इसकी विशेषताओं की वजह से इस दिशा का उपयोग ध्यान, पूजा, और पढ़ाई जैसे कार्यों के लिए किया जाता है।

### ईशान कोण दिशा का महत्व

ईशान कोण वह दिशा है जो शारीरिक और आध्यात्मिक दोनों रूपों को जोड़ने का कार्य करती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, यह दिशा पवित्रता, ज्ञान और आध्यात्मिक प्रगति का प्रतीक है। ऐसा माना जाता है कि इस दिशा में ऊर्जा का प्रवाह मानसिक स्पष्टता, मानसिक शांति और वित्तीय समृद्धि को प्रभावित करता है। उत्तर-पूर्व को हमेशा स्वच्छ और अव्यवस्था से मुक्त रखना जरूरी होता है, जिससे सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह निर्बाध रूप से चलता रहे।




## 23वें डीआरएम कप क्रिकेट चैम्पियनशिप की शानदार शुरूआत

दक्षिण पूर्व मध्य रेल खेल संघ, रायपुर की ओर से क्रिकेट का रोमांच

**रायपुर।** 23वें डीआरएम कप क्रिकेट चैम्पियनशिप का भव्य शुभारंभ 21 फरवरी शनिवार की शाम सेकरसा मैदान, डब्ल्यूआरएस कॉलोनी रायपुर में उत्साह एवं गरिमा के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक दयानंद के मुख्य आतिथ्य में हुआ। वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता हुई। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता का शुभंकर "काला हिरण" रखा




गया है और "जल बचाओ जीवन बचाओ" नारे के द्वारा सामाजिक संदेश और छत्तीसगढ़ में काले हिरण के पुनरुद्धार की रणनीति को दर्शकों ने बताया गया। जो कि पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता का प्रतीक है। इसके अलावा इस आयोजन के माध्यम से जीवन में खेलों के महत्व को रेखांकित करने के साथ-साथ पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश प्रदान गया। शुभारंभ समारोह में अतिथियों का पारंपरिक स्वागत आतिशबाजी एवं ढोल-नगाड़ों के साथ किया गया। इसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें स्काउट एवं गाइड बच्चों द्वारा क्लासिकल डांस एवं लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बांसुरी वादक विवेक टांक की प्रभावशाली प्रस्तुति और योगेश कुंडे के गायन एवं जुंबा नृत्य कार्यक्रम ने समारोह में उत्साह का संचार किया। मुख्य अतिथि दयानंद ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और अपने उदबोधन में जीवन में खेल के महत्व को भी समझाया। इस दौरान प्रतियोगिता के शुभंकर एवं ट्रॉफी का भव्य अनावरण मुख्य अतिथि ने किया। अंत में गुब्बारों को आकाश में छोड़कर खेलों के इस महाकुंभ का शानदार उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात अधिकारियों के मध्य दूधिया रोशनी में एक मैत्री मैच का भी आयोजन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन राजेश साह, क्रीड़ा अधिकारी ने प्रस्तुत किया।

## अंतर्राष्ट्रीय रेफरी गौस बेग पुलिस गेम्स स्पर्धा में होंगे निर्णायक



**रायपुर।** ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स बोर्ड द्वारा 74 वीं अंतर ऑल इंडिया पुलिस वॉलीबॉल कलस्टर प्रतियोगिता 23 से 27 फरवरी त्रिवेंद्रम (केरल) में आयोजित की जा रही है। जिसमें देश के सभी राज्यों की महिला एवं पुरुष टीमों के अलावा बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ और आईटीबीपी की टीमें भाग ले रही है। वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा इस प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु सरगुजा संभाग के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल रेफरी सूरजपुर जिले के मोहम्मद गौस बेग का चयन किया गया है। जो छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदित हो कि गौस बेग को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के मैचो साथ-साथ वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित भारत की सबसे बड़ी प्रतियोगिता सीनियर नेशनल चैंपियनशिप, नेशनल गेम्स, फेडरेशन कप, यूथ चैंपियनशिप, जूनियर चैंपियनशिप ,सब जूनियर चैंपियनशिप, मिनी चैंपियनशिप के अलावा अंतर सर्विसेज प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

कूलर एवं खस
हैनीकॉम्ब पैड
कूलर मोटर
एग्जॉस्ट
कूलर पंप
शीतल कूलर के उच्च क्वालिटी के एक की छत के नीचे
कूलर हाउस
हैनीकॉम्ब पैड कूलर/एग्जॉस्ट मोटर खस
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'एवेंजर्स: डूम्सकडे' का टीजर चौंका रहा दर्शकों को, थॉर और कैप्टीन अमेरिका का रिश्ता जानिए



'एवेंजर्स: डूम्सकडे' का नया टीजर आ गया है। पिछली बार कैप्टयन अमेरिका दिखे थे, तो इस बार गॉड ऑफ थंडर यानी थॉर नजर आए हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर नई फैन थ्योरीज भी आ गई हैं। लोग कह रहे हैं कि कहीं डॉक्टर डूम सुपरहीरोज से आयरन मैन की मौत का बदला तो नहीं ले रहा।

मार्वल स्टूडियो ने 'एवेंजर्स: डूम्सडे' के चार टीजर में से दूसरा भी रिलीज कर दिया है। पहले जहां कैप्टन अमेरिका की एमसीयू में वापसी का टीजर शेयर किया गया था, वहीं अब नए टीजर में थॉर की वापसी का ऐलान किया गया है। वह अपने दिवंगत देवता पिता ओडिन से आखिरी युद्ध पर जाने के लिए आशीर्वाद मांग रहा है। मार्वल वाले 'डूम्सडे' की कहानी को लेकर भरपूर सीक्रेसी बना रहे हैं। हालांकि, उनके चार में से तीन टीजर रिलीज से पहले ही लीक हो गए और फैंस को डॉक्टर डूम के रूप में रॉबर्ट डाउनी जूनियर की भी झलक दिख गई। इस टीजर के बाद फिल्मो की कहानी को लेकर एक नई थ्योरी सामने आई है। कहीं डॉक्टर डूम, 'डूम्ससडे' और 'सीक्रेट वॉर्स' में आयरन मैन का बदला तो नहीं ले रहा? इससे पहले कि टॉम हिडलस्टन पर आएं, बात थॉर यानी एक्टर क्रिस हेम्स वर्थ के नए टीजर की कर लेते हैं। वह कहानी के लिहाज से ओरिजिनल एवेंजर्स में से एक हैं। नए टीजर में एक दिलचस्प बात सामने आई है, जो उनकी गोद ली हुई बेटी 'लव' है। 'थॉर: लव एंड थंडर' के आखिर में हमने दोनों को एकसाथ देखा था। थॉर ने उसके बायोलॉजिकल पिता, गोर 'द गॉड बुचर' को हरा दिया था। अब गॉड ऑफ थंडर, यानी थॉर की 'डूम्सडे' में वापसी हो रही है। करीब डेढ़ मिनट के इस नए टीजर में हम देखते हैं कि एक पिता के तौर पर थॉर को अपनी नई जिम्मेदारियों का एहसास है।

### टॉलीवुड


## एसके26 फिल्म को मिला 'सेयोन' नाम, कमल हासन करेंगे प्रेजेंट



एक्टर शिवकार्तिकेयन ने अपनी अपकमिंग फिल्म का पोस्टर जारी कर दिया है। पोस्टर के मुताबिक फिल्म का नाम 'सेयोन' होगा। इसे कमल हासन प्रेजेंट करेंगे। पोस्टर के साथ निर्माताओं ने एक कैप्शन भी लिखा है। पोस्टर में देखा जा सकता है कि शिवकार्तिकेयन अपने हाथ में एक हथियार लिए बैठे हैं। उनके आस-पास कई मोर हैं। अभिनेता लुंगी और बनियान पहने ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है 'वीरता और विजय है सेयोन। सेयोन का कल सुबह 10 बजे सेलिब्रेशन होगा। खास बात यह है कि 'सेयोन' का मतलब तमिल भगवान मुरुगा से है, जिनका वाहन मोर है। फिल्म की कहानी और बाकी कलाकारों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। संतोष नारायणन के म्यूजिक के साथ अपकमिंग फिल्म की सिनेमैटोग्राफी विवेक विजयकुमार कर रहे हैं। एडिटिंग सन लोकेश कर रहे हैं। शिवकुमार मुरुगेसन के निर्देशन में बन रही इस अपकमिंग फिल्म को कमल हासन अपने राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल प्रोडक्शन बैनर के तहत प्रोड्यूस कर रहे हैं। कमल हासन ने 2024 की हिट फिल्म 'अमरन' में शिवकार्तिकेयन के साथ काम किया था। 'सेयोन' में दोनों एक बार फिर साथ आए हैं।

### भोजपुरी

## मांग में सिंदूर, हाथों में चूड़ियां भोजपुरी हसीना चुपचाप बनीं दुल्हन



ग्लैमरस एक्ट्रेस रक्षा गुप्ता इन दिनों सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में बनी हुई हैं। दरअसल उनकी शादी की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं, जिसे देख फैंस चौंक गए हैं और इंडस्ट्री में हलचल मच गई है। लेकिन अब इन तस्वीरों की सच्चाई सामने आ गई है।

रक्षा गुप्ता अपनी शादी की इन वायरल तस्वीरों में बहुत सुंदर नजर आ रही हैं। उन्होंने लाल रंग का खूबसूरत ब्राइडल लहंगा पहना है। इसके साथ ही मांग में भरा सिंदूर, हाथों में चूड़ियां और चेहरे पर दुल्हन वाला ग्लो तस्वीरों में दिखाई दे रहा है। फैंस को उनका ये ब्राइडल लुक काफी पसंद आ रहा है। रक्षा गुप्ता की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आते ही अफवाहों का दौर शुरू हो गया था। देखते ही देखते खबर फैल गई कि रक्षा गुप्ता ने भोजपुरी सिनेमा के एक्टर प्रेम सिंह के साथ शादी कर ली है। सोशल मीडिया पर फैंस दोनों को कमेंट सेक्शन में बधाई देने लगे। कई लोग इसे सीक्रेट वेडिंग बता रहे थे।

कोई दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को रियल लाइफ में बदलने की बात कर रहा था। हालांकि, इस वायरल तस्वीर के पीछे की सच्चाई अब सामने आ गई है। दरअसल, ये तस्वीरें रक्षा और प्रेम की असली शादी की नहीं है, बल्कि दोनों की अपकमिंग भोजपुरी फिल्म 'स्वर्ग से सुंदर' का एक सीन की है। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के महराजगंज में चल रही है। ये वायरल फोटोज फिल्म के एक शादी वाले सीन की है। दोनों की केमेस्ट्री एक दूसरे के साथ बेहतरीन लग रही है। इसलिए फोटोज देख लोग भी धोखा खा बैठे और उन्हें लगा कि दोनों ने सही में शादी कर ली है। इस वायरल मोमेंट को लेकर रक्षा गुप्ता और प्रेम सिंह दोनों ने सेट से अपना एक्सपीरियंस शेयर किया। रक्षा गुप्ता ने हंसते हुए कहा, ₹जब मैंने फोटो देखी तो मुझे खुद समझ नहीं आया कि लोग इसे असली क्यों मान बैठे, लेकिन यही तो एक्टर की जीत होती है।₹ वहीं प्रेम सिंह ने कहा, ₹ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री इतनी नैचुरल है कि दर्शकों का कंफ्यूज होना लाजमी था।

## शीशे की चमक

भारत में फैशन का अहम हिस्सा शीशा भी है, जिससे किए जाने वाले मिरर वर्क की खास चमक हर फैशन प्रेमी को लुभाती है। यह मिरर वर्क लंबे समय से भारतीय कारीगरी की शान रहा है। मुगल काल में शुरू हुई, मिरर वर्क की कला इस विश्वास पर आधारित थी कि शीशे नेगेटिव एनर्जी को दूर करते हैं और बुरी नज़र से बचाते हैं। यह कला जल्द ही भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का हिस्सा बन गई है। सजी-धजी टेक्सटाइल से लेकर उन तोरणों तक जो आज भी कई भारतीय दरवाजों की शोभा बढ़ाते हैं, मिरर वर्क रीति-रिवाजों और सजावट दोनों का पर्याय है। समय के साथ, यह एक जीवित विरासत के रूप में फला-फूला, जिसे राजस्थान, गुजरात और हरियाणा के कारीगर समुदायों ने आगे बढ़ाया, और हर पीढ़ी ने इसे बारीकी से निखारा है।



लाइफ स्टाइल

## क्लीन शेव से हो रही है झिझक तो अपनाएं ये नुस्खे



जो लोग हमेशा क्लीन शेव रखते हैं, वो अगर दाढ़ी हर हफ्ते हटवाते रहें तो कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन यदि कोई दाढ़ी रखने वाला व्यक्ति अचानक क्लीन शेव करा ले तो वो चर्चा का विषय बन जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि क्लीन शेव चेहरा हर किसी को सूट नहीं करता।

यदि आप उन लोगों में से हैं, जिनपर क्लीन शेव जचती है तो अच्छा है, लेकिन यदि आपके चेहरे पर क्लीन शेव नहीं जचती और आपने गलती से दाढ़ी हटवा ली है तो घबराए नहीं। हम कुछ ऐसे नुस्खे आपको बताने जा रहे हैं जो जल्दी दाढ़ी उगने में मदद करते हैं। इन नुस्खों के इस्तेमाल से पहले एक बार पैच टेस्ट कर लें, ताकि किसी तरह की एलर्जी की संभावना नहीं रहे।

### नारियल तेल और आंवला तेल

यदि आपकी दाढ़ी नहीं आ रही है तो इसमें नारियल और आंवला तेल आपकी मदद करेगा। इस्तेमाल के लिए नारियल तेल और आंवला तेल मिलाकर दाढ़ी के क्षेत्र में हल्की मालिश करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन सही होता है, जिस वजह से दाढ़ी तेजी से निकलती है।

### फिटकरी और गुलाब जल

फिटकरी का इस्तेमाल स्किन केयर में भी किया जाता है। पर, क्या आप जानते हैं कि इसके इस्तेमाल से जल्दी दाढ़ी भी उगाई जाती है। यदि आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं तो फिटकरी को गुलाब जल में मिलाकर हल्की मसाज करें और 10 मिनट बाद धो लें। इससे स्किन साफ भी होती है और दाढ़ी भी जल्दी निकलती है।

### दालचीनी और नींबू का रस

ये दोनों चीजें आपको आपके घर की रसोई में आसानी से मिल जाएंगी। इसके इस्तेमाल के लिए 1 चम्मच दालचीनी पाउडर में 2 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। दोनों चीजों को सही से मिक्स करके दाढ़ी वाले हिस्से पर 20 मिनट लगाकर फिर धो लें।

### प्याज का रस

प्याज के रस के इस्तेमाल से न सिर्फ सिर के बाल जल्दी उगते हैं। बल्कि इसके इस्तेमाल से दाढ़ी के बालों के ग्रोथ भी काफी अच्छी होने लगती है। तो बिना सोचे प्याज के रस को निकालकर दाढ़ी के हिस्से में लगाएं। इसमें सल्फर होता है, जो जल्दी दाढ़ी उगाएगा।

### एलोवेरा जेल

हर घर में एलोवेरा जेल अवश्य ही पाया जाता है। इसके इस्तेमाल से भी दाढ़ी की ग्रोथ बढ़ा सकते हैं। इसके लिए आपको बस चेहरे पर बीस मिनट के लिए एलोवेरा लगाना है।

## स्टाइलिश और ब्यूटीफुल लुक के लिए बेस्ट हैं थ्री पीस सूट



शादी से पहले कई सारे खास फंक्शन होते है और ये फंक्शन संगीत, हल्दी साथ ही मेहंदी सेरेमनी के होते हैं। इस दौरान महिलाएं खूबसूरत नजर आना चाहती हैं और इसके लिए वो बेस्ट आउटफिट का चुनाव करती हैं। वहीं अगर आप वेडिंग फंक्शन में स्टाइलिश और ब्यूटीफुल लुक चाहती हैं तो आप थ्री पीस सूट वियर कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले थ्री पीस सूट दिखा रहे हैं जो वेडिंग फंक्शन में पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। वहीं इन सूट को स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।



### प्रिंटेड सिल्क 3 पीस सूट



अगर आप हल्दी के फंक्शन में हिस्सा ले रही हैं तो आप इस तरह का प्रिंटेड सिल्क 3 पीस सूट का चुनाव कर सकती हैं। यह सूट सिल्क में है और इस सूट में प्रिंट करके डिजाइन हुआ है। इस तरह का ड्रेस आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों जगहों से 1,500 से 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस तरह की ड्रेस के साथ आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी वियर कर सकती हैं साथ हो फुटवियर में आप मोजरी वियर कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क 3 पीस सूट

इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट आप संगीत सेरेमनी में वियर कर सकती हैं। इस ड्रेस में आप बेहद ही खूबसूरत एम्ब्रॉयडरी की गई हैं और इस सूट को आप रॉयल लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस को आप ऑनलाइन या बाजार में जाकर 2,000 रुपये में खरीद सकती हैं। इस तरह का एम्ब्रायडरी वर्क 3 पीस सूट के सतह आप चोकर या फिर सिंपल-सी चैन टाइप नेकलेस वियर कर सकती हैं। संगीत फंक्शन में आप इस तरह का सूट भी स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट पिंक कलर में है और इस सूट को वियर करने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएग।

## मेकअप हटाने क्लींजिंग वाइप्स का कर रही इस्तेमाल तो जानें हर पहलू

क्लींजर वाइप्स का इस्तेमाल कई लोग मेकअप हटाने या चेहरे को ताजगी देने के लिए करते हैं। हालांकि, यह पूरी तरह से सुरक्षित है या नहीं, यह आपकी त्वचा के प्रकार, इस्तेमाल की गई सामग्री और वाइप्स की क्वालिटी पर निर्भर करता है।

### क्लींजर वाइप्स के फायदे

त्वचा की सफाई – यात्रा या व्यस्त दिनों में तुरंत चेहरा साफ करने के लिए यह उपयोगी होते हैं। मेकअप रिमूवल – हल्के मेकअप को हटाने में मदद करते हैं, खासकर जब पानी और क्लींजर उपलब्ध न हो। सुविधाजनक और पोर्टेबल – इन्हें कहीं भी ले जाना आसान होता है।

### क्लींजर वाइप्स के संभावित नुकसान

हार्श केमिकल्स हो सकते हैं–कुछ वाइप्स में अल्कोहल, परफ्यूम और सल्फेट हो सकते हैं, जो संवेदनशील त्वचा के लिए हानिकारक हो सकते हैं। त्वचा को पूरी तरह साफ नहीं करते–यह सिर्फ सतह की गंदगी हटाते हैं,



लेकिन डीप क्लीनिंग नहीं कर पाते। ड्राइनेस और इरिटेशन–बार-बार इस्तेमाल करने से त्वचा रूखी और संवेदनशील हो सकती है।पर्यावरण पर प्रभाव–अधिकतर वाइप्स नॉन-बायोडिग्रेडेबल होते हैं, जिससे यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### क्या करना चाहिए?

सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही उपयोग करें, रोजमर्रा के लिए फेस वॉश या माइल्ड क्लींजर बेहतर विकल्प हैं।ऐसे वाइप्स चुनें जो अल्कोहल-फ्री और त्वचा के अनुकूल सामग्री से बने हों।

## लगाने के तुरंत बाद आंखों का काजल बह जाता है तो ये हैक्स अपनाएं, लगा रहेगा घंटों तक

काजल न सिर्फ आंखों की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करता है, बल्कि साथ ही में इसकी वजह से आंखों को काफी लाभ भी मिलता है। महिलाओं और लड़कियों को काजल लगाना काफी पसंद भी होता है। पर, बहुत सी लड़कियों के साथ ये दिक्कत आती है कि उनकी आंखों का काजल ज्यादा देर तक टिकता नहीं है। लगाने के कुछ देर के बाद ही वो बहने लगता है और आंखों के नीचे काले धब्बे छोड़ देता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने के बाद आपका काजल घंटों तक टिका रहेगा। इन टिप्स को फॉलो करना काफी आसान है।

### आंखों को करें साफ

यदि आप आपको देर तक आंखों में काजल टिकाकर रखना है तो काजल लगाने से पहले आंखों के



आसपास का तेल और गंदगी साफ करें। इसके लिए किसी अच्छे फेसवॉश या माइल्ड क्लींजर से चेहरा धोकर स्किन को ड्राई करें। टिश्यू की मदद से आंख के आस-पास की स्किन को सुखा जरूर लें, वरना गीली त्वचा पर काजल फैल जाएगा।

### प्राइमर या कॉम्पैक्ट पाउडर का इस्तेमाल करें

काजल लगाने के पहले त्वचा को तैयार करना जरूरी है। इसके लिए सबसे पहले आंखों के नीचे हल्का पाउडर लगाएं। ये चेहरे के तेल को सोख कर काजल को स्मज-फ्री बनाता है। यदि आपकी त्वचा ऑयली है तो मैटिफाइंग प्राइमर बेहतरीन ऑप्शन है।

### सही काजल का चयन करें

यदि आप खराब क्वालिटी का काजल इस्तेमाल करेंगी तो इसे टिकाना मुश्किल होगा। ऐसे में हमेशा वॉटरप्रूफ और लॉन्ग-लास्टिंग काजल का इस्तेमाल करें। ध्यान रखें कि जेल या पेंसिल काजल लिक्विड काजल से ज्यादा टिकाऊ होता है। दो कोट में हल्के हाथों से काजल लगाएं, ताकि ये ज्यादा फैल न सके।

### काजल सेट करने के लिए आईशैडो लगाएं

आंखों पर काजल लगाकर इसे ऐसे ही न छोड़ें। काजल लगाने के बाद ब्लैक आईशैडो से हल्का डस्टिंग करें।

कार्नर न्यूज

## प्रोफेशनल लुक पर ध्यान देने से खुलते हैं तरक्की के रास्ते

## ऑफिस ड्रेसिंग चाहिए 'राइट' तो इन टिप्स को स्टाइल में जरूर करें शामिल, बॉस की भी मिलेगी पूरी

ऑफिस ड्रेसिंग कैसी होनी चाहिए? आप कहेंगे प्रोफेशनल लुक के लिए बस फॉर्मल कपड़े और जूते काफी हैं। लेकिन हम कहेंगे 5 टिप्स और जोड़िए आपनी ऑफिस ड्रेसिंग में। ये वो टिप्स हैं जो आपके लुक को फुल मार्क्स दिलाने में मदद करेंगे। ये वो टिप्स हैं जो आपको ऑफिस में लुक्स के मामले में पीछे नहीं रहने देंगे। लुक्स अच्छे होंगे तो आपका कॉन्फिडेंस भी मजबूत होगा। ऑफिस ड्रेसिंग में किन खास बातों का रखा जाना चाहिए ध्यान जानते हैं-

### अपने लिए लेवल तय करें

आप भले ही ऑफिस में बड़े अधिकारी नहीं हैं। लेकिन फिर भी कपड़ों को बिलकुल परफेक्ट करके जाना भी ऑफिस ड्रेसिंग का जरूरी हिस्सा है। दरअसल कई लोग अपने पोजिशन के हिसाब से कपड़े पहनते हैं। मगर अच्छे कपड़ों में तैयार रहना बॉस के सामने आपकी पहली इमेज तो अच्छी बना ही देता है। उनको ये मैसेज मिल जाएगा कि आप आगे बढ़ने के लिए यहां आए हैं।

### दूसरों से अलग क्या

ऑफिस में दूसरों से अलग क्या पहनते हैं आप? शायद आपके



पासइसका जवाब नहीं होगा। मगर सुझाव ये है कि आप ऑफिस के अपने कलीग के लुक्स पर ध्यान दीजिए। वो कौन से प्रिंट, पैटर्न और रंग पहनने हैं, इसको समझिए। अब आपको इन सबसे अलग ही कुछ पहनना है। ताकि आप बिलकुल अलग दिखें। याद रखिए कि अलग दिखने का मतलब ये भी नहीं है कि आप कुछ भी पहन लें।

### ऑफिस इंटीरियर के रंग

आपके ऑफिस में कैसा इंटीरियर किया गया है, ये तो आप जानते ही हैं। अब इन रंगों में से कुछ भी अपनी ड्रेसिंग के लिए ना लें। ब्लू, ग्रीन, ब्राउन और ग्रे के शेड वाले कॉर्पोरेट रंगों से मैच करते हुए कपड़े चुनिए। बहुत ब्राइट कलर न चुनें।

### क्वालिटी है जरूरी

आप पूरे हफ्ते में कितने कपड़े बदलते हैं, इससे ज्यादा जरूरी है कि आप किस क्वालिटी के कपड़े पहनते हैं। ऐसे कपड़े चुनिए जो अच्छे से फिट होते हों और आपके साइज के भी हों।

ना ही ज्यादा ढीले और न ही ज्यादा टाइट कपड़े ही अच्छे लगते हैं। इन कपड़ों की क्वालिटी अच्छी हो, ये अच्छे से स्टिच भी हों, ये भी ध्यान रखें।

### कोई स्टाइल स्टेटमेंट नहीं

ऑफिस के कपड़े बाकी कपड़ों से अलग होते हैं। इनको स्टाइल किया जा सकता है। लेकिन हर ट्रेंड को फॉलो करने की ये जगह बिल्कुल नहीं है। आपको यहां कोई खास स्टाइल स्टेटमेंट बिल्कुल भी फॉलो नहीं करना चाहिए। ऐसा न हो कि अच्छे दिखने के चक्कर में आप ऑफिस डेकोरम को ही तोड़ दें।

